मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, सोमवार, 14 अप्रैल 2025
संवत 2082, वैशाख कृष्ण 2 - मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 219 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ वर्तमान वैश्विक पटल पर भारत के लिए आपदा में अवसर हैं

रिद्धिमा कपूर करेंगी बॉलीवुड डेब्यू,कपिल शर्मा और नीतू कपूर संग आएंगी नजर ◀◀ 6

# जमीन विवाद में दंपती की चाकू घोंपकर कर हत्या, इलाके में डबल मर्डर से सनसनी

## मामा के घर में रहता था दंपती, ,जांच में जुटी पुलिस



**संवाददाता**

**दुमका:** गोपीकांदर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में डबल मर्डर से सनसनी फैल गई है। दंपत्ति की चाकू से गोदकर हत्या से पूरा गांव स्तब्ध है। डीएसपी मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन कर रहे है। डॉग स्क्वायड और सीनियर ऑफिसर्स को जांच के लिए बुलाया गया है। पहाड़पुर गांव में हुए पति-पत्नी की हत्या को लेकर जांच शुरू कर दी गई है। मृतक की पहचान मोहन सोरेन और पत्नी बोरोनिका हेम्ब्रम के रूप में हुई है। घटना से गांव के लोग स्तब्ध हैं। मृतक दंपत्ति मामा के घर में रहता था। जमीन संबंधी विवाद में वारदात को अंजाम दिये जाने की आशंका जतायी जा रही है।

'हम जांच के लिये आये हैं। अभी अनुसंधान के बाद ही कहा जा सकता है कि हत्या की वजह क्या है। जमीन विवाद में हत्या की संभावना के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है:' -इकुड़ डुंगडुंग, डीएसपी हेडक्वार्टर

# मासूम बच्चियों को बाइक ने मारी टक्कर, 1 की मौत,1 गंभीर

**संवाददाता**

**देवघर :** जिले में एक सड़क हादसे में 1 मासूम बच्ची की मौत हो गई जबकि दूसरी बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गयी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामला जिले के कुंडा थाना क्षेत्र के कोरियासा गांव के पास का है। बताया जा रहा है कि 2 मासूम बच्चियां सड़क पार कर रही थीं। इस दौरान एक बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 1 गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं, घटना में बाइक सवार 3 युवक घायल हो गए हैं। आनन-फानन में दोनों बच्चियों को देवघर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने 9 वर्षीय पायल को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरी बच्ची का इलाज चल रहा है। वहीं, पायल की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# भगोड़ा कारोबारी मेहुल चौकसी बेल्जियम में गिरफ्तार, देश लाने की तैयारी

**नई दिल्ली :** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ऋण धोखाधड़ी मामले में वांछित भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय एजेंसियों के अनुरोध पर यह कार्रवाई की गई। 65 वर्षीय चोकसी को कथित तौर पर शनिवार (12 अप्रैल) को गिरफ्तार किया गया। व्यवसायी अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ बेल्जियम के एंटवर्प में रेसिडेंसी कार्ड (निवास कार्ड) प्राप्त करने के बाद रह रहा है। वह खराब स्वास्थ्य और अन्य कारणों का हवाला देते हुए जमानत की मांग कर सकता है।

चोकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी पर आरोप है कि दोनों ने पीएनबी से 13,850 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा वांछित हैं। उन्होंने कथित तौर पर मुंबई में बैंक की ब्रैडी हाउस शाखा के अधिकारियों को रिश्वत देकर लेटर ऑफ अंडरटेकिंग (एलओयू) और विदेशी क्रेडिट लेटर (एफएलसी) का इस्तेमाल किया। सीबीआई ने चोकसी, उसके भतीजे नीरव मोदी, उनकी कंपनियों, बैंक कर्मचारियों और अन्य पर साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए मामले दर्ज



किए हैं।

पीएनबी में घोटाला सामने आने से कुछ हफ्ते पहले चोकसी और नीरव मोदी जनवरी 2018 में भारत से भाग गए थे। रिपोर्टों के अनुसार, चोकसी अपनी पत्नी प्रीति चोकसी, जो बेल्जियम की नागरिक है, के साथ एंटवर्प में रह रहा है। एंटीगुआ और बारबुडा के नागरिक ने कथित तौर पर अपने इलाज के लिए द्वीप राष्ट्र छोड़ दिया। 2021 में, वह एंटीगुआ से लापता हो गया, लेकिन बाद में एक अन्य कैरिबियाई द्वीप राष्ट्र, डोमिनिका में पाया गया।

चोकसी गीतांजलि जेम्स का संस्थापक है। वहीं, नीरव मोदी ब्रिटेन की जेल में है और भारतीय अधिकारियों के प्रत्यर्पण संबंधी अनुरोध का विरोध कर रहा है। उसे 2019 में भगोड़ा आर्थिक अपराधी (एफईओ) घोषित किया गया था, जबकि मेहुल चोकसी के खिलाफ ईडी की याचिका 2018 से लंबित है।

सूत्रों ने बताया कि उसे जल्द से जल्द भारत लाए जाने के प्रयास हो रहे हैं। हालांकि, बेल्जियम की अदालतों में कानूनी अड़चनों के कारण प्रक्रिया में देरी हो सकती है। चोकसी की गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि और अधिक जानकारी का इंतजार है।

**चोकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी पर आरोप है कि दोनों ने पीएनबी से 13,850 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा वांछित हैं। उन्होंने कथित तौर पर मुंबई में बैंक की ब्रैडी हाउस शाखा के अधिकारियों को रिश्वत देकर लेटर ऑफ अंडरटेकिंग (एलओयू) और विदेशी क्रेडिट लेटर (एफएलसी) का इस्तेमाल किया। सीबीआई ने चोकसी, उसके भतीजे नीरव मोदी, उनकी कंपनियों, बैंक कर्मचारियों और अन्य पर साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए मामले दर्ज किए हैं।**

# जेएमएम का राष्ट्रीय महाधिवेशन आज से रांची में, वक्फ कानून के खिलाफ आयेगा प्रस्ताव



**संवाददाता**

**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा का 13वां महाधिवेशन 14 और 15 अप्रैल को खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में आयेजित किया गया है। जेएमएम के सत्ता में रहते लगातार दूसरी बार राजधानी रांची में जेएमएम का स्थापना दिवस माना जा रहा है। इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। खेलगांव समेत राजधानी की प्रमुख सड़कों पर पार्टी के बैनर-पोस्टर लगाये गये हैं। केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने रविवार को महाधिवेशन की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिये। कहा कि महाधिवेशन की अध्यक्षता पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन करेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और जेएमएम के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे से शनिवार को खेलगांव में जाकर तैयारियों का जायजा लिया था।

इन प्रस्ताव पर होगी चर्चाः जेएमएम संविधान में संशोधन, भूमि पुर्नवापसी कानून, वक्फ संशोधन कानून का विरोध, जेएमएम को राष्ट्रीय पार्टी बनाने, बिहार और बंगाल में अगामी विधानसभा चुनाव, जिला व प्रखंड अध्यक्षों को अधिक राजनीतिक शक्तियां प्रदान करने, महत्वपूर्ण मामले को लेकर हाई पावर कमेटी का गठन व अन्य मुद्दे पर चर्चा होगी।


## पाक में बलूच विद्रोहियों का खौफ, रात में ट्रेनों का संचालन बंद

**क्वेटा/इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में बलूच विद्रोही संगठनों के बढ़ते प्रभाव के कारण रात के समय ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। सुरक्षा कारणों से यह कदम उठाया गया है, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। रविवार रात को कराची से क्वेटा के लिए रवाना हुई बोलान एक्सप्रेस को सिंध प्रांत के जैकबाबाद स्टेशन पर ही रोक दिया गया। रेलवे अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए ट्रेन को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी। हाल ही में बलूच विद्रोहियों द्वारा लगभग 500 यात्रियों से भरी एक ट्रेन को अगवा करने और 10 यात्रियों की हत्या करने की घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। पाकिस्तान रेलवे के सीईओ आमिर अली बलोच ने बताया कि बोलान मेल को सुरक्षा मंजूरी नहीं मिलने के कारण कई घंटों तक जैकबाबाद में खड़ा रखा गया।

# जयंती पर भीमराव अंबेडकर को संसद में राष्ट्रपति प्रधानमंत्री और नेता विपक्ष ने दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली:** संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर आज संसद भवन परिसर में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सांसदों और गणमान्य व्यक्तियों ने भी संसद भवन परिसर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। संसद भवन में आयोजित इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सामाजिक न्याय और समानता के मूल्यों को दोहराया गया, जिनके लिए डॉ अंबेडकर जीवनभर संघर्ष करते रहे।



## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. अंबेडकर समानता में विश्वास करते थे: धनपति महतो



**सिल्ली :** नरेंद्र मोदी विचार मंच युवा शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सिल्ली विस क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी समाजसेवी धनपति महतो ने संविधान के जनक, चिंतक, समाज सुधारक और दलित वर्गों के लिए आवाज उठाने वाले बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया । श्री महतो ने कहा डॉ आंबेडकर का जीवन काफी संघर्षों से भरा हुआ था।उनके जीवन के इन्हीं संघर्षों ने उनके विचारों को आकार दिया था। डॉ।अंबेडकर समानता में यकीन रखते थे। वे जाति के आडंबर को नहीं मानते थे और चाहते थे कि समाज में सभी को एक-बराबरी का अधिकार मिले।व्यक्ति को उसकी योग्यता के आधार पर मौके मिलने चाहिए। महतो ने आगे कहा हर किसी को उनके आदर्शों पर सीख लेने की जरूरत है केवल रस्म अदायगी से उनके संघर्षों को साकार नही किया जा सकता है।

### करंट से मेनडेज कर्मी घायल, हालत नाजुक

**बलियापुर:** सिंदरी रोड स्थित हवाई पट्टी मोड़ के पास रविवार की शाम 6.30 बजे करंट से बाघमारा काशीटाड़ निवासी विद्युत विभाग के मेनडेज कर्मी अजीत महतो (52 ) बुरी तरह घायल हो गये। घायल कर्मी को बाघमारा स्थित मां अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे एसएनएमसीएच रेफर कर दिया। एसएनएमएमसीएच से असर्फी अस्पताल भेजा गया है। अजीत महतो की हालत नाजुक बनी हुई है। लोगों ने बताया कि श्री महतो पोल पर चढ़ कर काम कर रहे थे। इसी दौरान करंट प्रवाहित होने से वह बुरी तरह घायल हो गये। घटना के बाद उनके परिजन चिंतित हैं। सूचना पाकर जेएलकेएम नेत्री उषा महतो के पति आशीष महतो ने घायल अजीत महतो को निजी वाहन से एसएनएमएमसीएच पहुंचाया। उन्होंने विभाग से घायल कर्मी का बेहतर इलाज कराने की मांग की है।

### खुदीबेड़ा जंगल से अवैध लकड़ी बरामद

**बोकारो :** कसमार प्रखंड के खुदीबेड़ा जंगल में रविवार को वन सुरक्षा समिति के पदाधिकारियों ने अवैध लकड़ी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, जंगल के अंदर सिमल का दो पेड़ काटकर गिरा दिया गया था। एक पेड़ का लगभग छह-छह फुट का चार बोटा और दूसरा पेड़ का सात फुट का एक बोटा काटकर तैयार कर लिया गया था और 40 फुट के शेष हिस्से का काटकर ले जाने की तैयारी चल रही थी। इसी बीच ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन सुरक्षा समिति के कसमार प्रखंड अध्यक्ष गंगाधर महतो को दी। सूचना मिलते ही श्री महतो ने विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों प्रणव चक्रवर्ती, जगदंब महतो, रवि महतो, नकुल मुंडा, अखिलेश्वर मुंडा के साथ मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। लेकिन, इनके पहुंचने से पहले ही लकड़ी के अवैध कारोबारी भाग खड़े हुए। श्री महतो ने बताया कि सभी लकड़ी को जब्त कर इसकी सूचना वन विभाग को दी गयी है। बताया कि अवैध कारोबारियों के बारे में पता लगाया जा रहा है। प्रमाणिक जानकारी मिलने पर मुकदमा दर्ज कराया जायेगा।

### मूक बधिर नाबालिग के साथ दुष्कर्म

**खूंटी** :जिले एक शर्मनाक घटना सामने आई है जहां एक युवक ने मानसिक रूप से विक्षिप्त और मूक बधिर नाबालिग के साथ रेप किया। घटना की शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना जिले के रनिया थाना क्षेत्र के एक गांव की है। बताया जा रहा है कि रात को घर में मानसिक रूप से विक्षिप्त और मूक बधिर नाबालिग अपनी दादी के साथ सो रही थी। इस दौरान युवक ने घर में घुसकर पहले दादी को पीटा फिर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। वहीं, घटना में दादी घायल हो गई। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### वज्रपात से एक की मौत,एक गंभीर

**चतरा:** राज्य में बारिश से लोगों को गर्मी से राहत जरूर मिली है, लेकिन बारिश के दौरान हो रहा वज्रपात लोगों की जान ले रहा है। ताजा मामला चतरा जिले से आया है। यहां बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आकर 1 ग्रामीण की मौत हो गई जबकि 1 गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में हुई। बताया जा रहा है कि 2 ग्रामीण गांव से लगभग आधा किलोमीटर दूर महुआ चुनने गए थे। इस दौरान अचानक हुई तेज बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में वह आ गए जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, घटना में दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। बता दें कि राज्य में हो रही बारिश के दौरान वज्रपात ने अब तक कई लोगों की जान ले ली है। मौसम विभाग का कहना है कि अगर बहुत जरूरी काम न हो तो घर से बाहर न निकले।

# कोल्हान में नक्सलियों के खिलाफ बड़े ऑपरेशन की तैयारी, डीजीपी खुद करेंगे मॉनिटरिंग



## डीजीपी ने बुलाई हाई लेवल मीटिंग, जवान की शहादत के बाद सारंडा में बड़ा अभियान

**रांची :** शनिवार को हुई घटना के बाद डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रविवार को हाई लेवल मीटिंग की। पुलिस मुख्यालय में हुई मीटिंग में झारखंड पुलिस के सीनियर अफसरों के अलावा सीआरपीएफ के अधिकारी शामिल हुए। चाईबासा के पुलिस अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जुड़े थे। इस मीटिंग में नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज करने की रणनीति तैयार की गई। इस बैठक के बाद एक सूत्र ने बताया कि पश्चिमी सिंहभूम (चाइबासा) जिले के सारंडा और पोड़ाहाट जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू होगा। सारंडा में कई बड़े नक्सली अपने दस्ते के साथ जमे हैं। वहां चलाये जा रहे अभियान को और तेज किया जायेगा और बड़े स्तर पर चलाया जायेगा। डीजीपी अनुराग गुप्ता कल चाइबासा भी जाएंगे। जहां अभियान की तैयारी को अंतिम रुप दिया जायेगा।

**सारंडा में मौजूद हैं कई बड़े नक्सली:** जानकारी के मुताबिक प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नक्सली मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो समेत कई अन्य नक्सली अपने दस्ते के साथ सारंडा के जंगल में मौजूद हैं। इसी सूचना पर चाइबासा पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रखा है। अभियान में झारखंड पुलिस के अलावा सीआरपीएफ, झारखंड जगुआर और कोबरा बटालियन के अधिकारी व जवान शामिल हैं।

**संवाददाता**


**रांची:** माओवादियों के खिलाफ सीआरपीएफ और पुलिस की चौतरफा घेराबंदी अब निर्णायक जंग की ओर बढ़ती दिख रही है। झारखंड के ज्यादातर जिलों से उखाड़ने के बाद कोल्हान के घने जंगल और पहाड़ियों का फायदा उठाकर लैंड माइंस की आड़ में छिपे टॉप माओवादियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने की तैयारी है।

वहीं इस ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए खुद डीजीपी अनुराग गुप्ता सुबह 9:30 अपनी टीम के साथ पहुंच चुके हैं। वह यहां शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

दरअसल कोल्हान क्षेत्र में ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। 12 अप्रैल को आईईडी की चपेट में आने से झारखंड जगुआर के जवान सुनील धान शहीद हो गए थे। 13 अप्रैल को टेंडर ग्राम स्थित जगुआर मुख्यालय में श्रद्धांजलि देते वक्त मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने साफ कहा था नक्सलवाद पूरे देश की समस्या है, जो अब समाप्ति की ओर है। हमारे जवानों की आहुति जाया नहीं जाएगी।

माओवादियों के खिलाफ बड़े ऑपरेशन की तैयारीः सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता चाईबासा का दौरा कर सकते हैं। उनके साथ आईजी अभियान के अलावा दूसरे पुलिस अधिकारी भी रहेंगे। इस दौरान प्लान तैयार किया जाएगा कि जंगल, पहाड़ी और लैंड माइंस की आड़ में छुपकर बैठे टॉप माओवादियों को कैसे सरेंडर करने के लिए बाध्य किया जाए। क्योंकि इसी क्षेत्र में माओवादियों का पोलित ब्यूरो सदस्य और एक-एक करोड़ का इनामी मिसिर बेसरा और केंद्रीय कमेटी सदस्य अनल दा उर्फ तूफान उर्फ पतिराम मांझी उर्फ पतिराम मरांडी के छिपे होने की संभावना है। दोनों टॉप माओवादी मूल रूप से गिरिडीह जिला के पीरटांड़ के रहने वाले हैं। दरअसल, माओवादियों ने कोल्हान के जंगलों में तरह-तरह के लैंड माइंस बिछा रखा है, जो सुरक्षा बलों के ऑपरेशन के दौरान बाधक बन रहे हैं। लिहाजा, बृहद ऑपरेशन चलाने की तैयारी की जा रही है। चाईबासा में 22 दिन के भीतर सुरक्षा बलों को दूसरा बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है। 22 मार्च 2025 को चाईबासा में ही नक्सलियों से लोहा लेते हुए सीआरपीएफ के सब इंस्पेक्टर सुनील मंडल वीरगति को प्राप्त हुए थे। छोटानागरा थाना क्षेत्र के जंगली क्षेत्र में पूर्व में लगाए गए आईईडी की चपेट में आए थे।

# नगर भ्रमण पर निकले धार्मिक जुलूस पर पथराव के बाद हिंसा, पुलिस ने संभाला मोर्चा



**हजारीबाग:** जिले के बरकट्ठा गांव में धार्मिक जुलूस के दौरान कथित पथराव के बाद माहौल तनावपूर्ण है। पुलिस ने बताया कि रविवार रात करीब आठ बजे हुई इस घटना के बाद झुरझुरी गांव में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बरही के उपविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) अजीत कुमार बिमल ने बताया कि उपद्रवियों ने धार्मिक जुलूस के दौरान पथराव किया, जिसके बाद दो समुदायों के बीच तनाव बढ़ गया। आक्रोशित लोगों ने जीचटी रोड के एक हिस्से को जाम कर दिया।

**पुलिस एफआईआर दर्ज कर करेगी कानूनी कार्रवाईः** इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करने वाले समूह का दावा है कि पथराव के दौरान कई महिलाओं को भी चोटें आई हैं। पुलिस ने हताहतों से जुड़े मामलों की पुष्टि नहीं की है। पुलिस के मुताबिक पथराव की घटना के बाद उपजे तनाव के बाद मौके पर पुलिस ने मोर्चा संभाला। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उपद्रवियों को चिह्नित कर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर माहौल बिगाड़ने वाले लोगों पर कानूनी कार्रवाई करेगी।

**जुलूस के दौरान मस्जिद के पास दो समुदायों के बीच झड़पः** हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने अशांति के बारे में बताया कि बरकट्ठा में यज्ञ हो रहा था। इसी सिलसिले में जुलूस निकाला जा रहा था। जुलूस के दौरान मस्जिद के पास दो समुदायों के बीच झड़प हो गई। तनाव बढ़ा और पत्थरबाजी होने लगी। इसके बाद कुछ लोगों ने पास में ही रखे पुआल के ढेर में आग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। एफआईआर दर्ज कर मामले में सख्त कार्रवाई की।

**26 मार्च को भी दो समूहों के बीच झड़प और पत्थरबाजी हुई थीः** इससे पहले भी बीते सात अप्रैल को भी हजारीबाग में राम नवमी शोभायात्रा के दौरान भारी पुलिस बल की तैनाती की खबर सुर्खियों में आई थी। शहर के झंडा चौक पर दो समूहों के बीच झड़प और पत्थरबाजी के कारण उपजे तनाव के बाद सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही थी। हजारीबाग की उपायुक्त नैन्सी सहाय ने बताया था कि पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उन्होंने बताया कि 26 मार्च को हजारीबाग के झंडा चौक पर राम नवमी उत्सव के दौरान मंगला शोभायात्रा में दो समूहों की बीच हल्की झड़प और पत्थरबाजी होने के कारण हालात संवेदनशील हो गए। अब स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है।

**फरवरी में भी उपजा था तनावः** इससे पहले 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर धार्मिक झंडे और लाउडस्पीकर लगाने को लेकर दो समुदाय के लोग आपस में भिड़ गए थे। इस दौरान दोनों तरफ से पत्थरबाजी हुई, जिसमें कुछ लोग घायल हो गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया था। एहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

## जब भी चुनाव हो मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें: मुख्य निर्वाचन आयुक्त

**संवाददाता**



**रांची:** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रांची में पत्रकारों से कहा कि राष्ट्र सेवा की दिशा में पहला कदम मतदान है। कुमार ने कहा कि जब भी चुनाव हो, पात्र नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

कुमार ने कहा, राष्ट्र सेवा की दिशा में पहला कदम मतदान है। वोट डालने के लिए व्यक्ति का मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना जरूरी है। भारत का कोई भी पात्र नागरिक जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका है, उसे मतदान से वंचित नहीं रहना चाहिए।" मुख्य निर्वाचन आयुक्त झारखंड के तीन दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को रांची पहुंचे थे। उन्होंने कहा, जब भी चुनाव होता है, मतदाताओं को मतदान अवश्य करना चाहिए।"

कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ खड़ा रहा है और आगे भी खड़ा रहेगा। इससे पहले उन्होंने रांची के बाहरी इलाके दशम फॉल में बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के साथ एक चर्चा की। बीएलओ ने मतदान के दौरान दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में अपने अनुभव और प्रयासों को साझा किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने चुनाव के दौरान घर पर सर्वेक्षण, बीएलओ ऐप, मतदान समय प्रबंधन और अन्य संबंधित मामलों में बीएलओ के अनुभवों के बारे में भी जाना।

**कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ खड़ा रहा है और आगे भी खड़ा रहेगा। इससे पहले उन्होंने रांची के बाहरी इलाके दशम फॉल में बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के साथ एक चर्चा की।**

### मुर्शिदाबाद हिंसा पर मुखर केंद्रीय मंत्री, कहा-

## किसी खास समूह के लिए लाड़ क्यों दिखा रही सीएम ममता : अन्नपूर्णा देवी



**गिरिडीह:** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में भड़की हिंसा पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कई सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने हिंसा के लिए पश्चिम बंगाल सरकार की नीयत पर सवाल उठाएं हैं।

मुर्शिदाबाद हिंसा पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी यादव ने पश्चिम बंगाल सरकार की नियत पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की ममता सरकार किसी खास समूह के लिए ही बागी है। खास समूह के लिए ही बंगाल सरकार काम कर रही है। यही कारण है कि सदन ने जिस बिल को पास कर दिया है और राष्ट्रपति ने उस बिल पर मुहर लगा दी है तो वह कानून बन गया है, उस बिल के विरोध में इस तरह की हिंसा होना कानून व्यवस्था के लिए सही नहीं है।

**हर समुदाय की रक्षा करना सरकार का कामः** केंद्रीय अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आज जो वीभत्स रूप पश्चिम बंगाल में देखने को मिल रहा है, उसे कोई भी अच्छा नहीं बोल सकता है। वहां लोगों के घरों में घुसकर आग के हवाले किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि वहां लोगों की हत्या की जा रही है। पश्चिम बंगाल की ममता सरकार लगातार हिंसा को बढ़ावा दे रही है। खास समूह को इस तरह का कृत्य करने के लिए सरकार जिम्मेदार है और मुझे लगता है कि यह सही नहीं है।

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि बंगाल में खास समुदाय के अलावा दूसरे समुदाय के लोग भी रहते हैं, जिनकी रक्षा करने का काम पश्चिम बंगाल की सरकार को करना चाहिए। सरकार को वहां के लोगों की सुरक्षा का ध्यान देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने मुर्शिदाबाद के हालात पर चिंता जाहिर की है। इस दौरान बीजेपी जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, बीजेपी नेता सह कोडरमा सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव के अलावा प्रकाश सेठ, रंजीत राय समेत कई कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

### कोलकाता में दो दिवसीय टूरिज्म रोड शो

## झारखंड पर्यटन रोड शो ने खोली नए निवेश व सहयोग की राहः मंत्री सुदिव्य कुमार



**रांची:** झारखंड सरकार के पर्यटन विभाग ने कोलकाता में दो दिवसीय टूरिज्म रोड शो का आयोजन किया, जिसमें राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार भी शामिल हुए। यह कार्यक्रम न सिर्फ निवेशकों के लिए एक बेहतरीन मंच बना, बल्कि झारखंड और पश्चिम बंगाल के बीच के पुराने, गहरे रिश्तों को भी एक बार फिर सामने लाया। मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि झारखंड और बंगाल सिर्फ पड़ोसी नहीं, बल्कि एक साझा विरासत का हिस्सा हैं। हमारी संस्कृति, परंपराएं और स्वाद सब कुछ एक-दूसरे से जुड़े है। उन्होंने बताया कि झारखंड आने वाले ज्यादातर पर्यटक बंगाल से होते हैं। इसलिए इस टूरिज्म अभियान की शुरूआत कोलकाता से करना बहुत खास है।

मंत्री ने कहा कि आइए झारखंड, जहां झरने सिर्फ पानी नहीं, संगीत बहाते है, जहां पहाड़ सिर्फ ऊंचे नहीं, कहानियां भी कहते हैं और जहां हर यात्रा एक खास अनुभव बन जाती है। मंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड सरकार पर्यटकों और निवेशकों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में सरकार पर्यटन क्षेत्र को प्राथमिकता दे रही है और झारखंड को पर्यटन के क्षेत्र में एक नई पहचान देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस मौके पर झारखंड पर्यटन विभाग की टीम ने कई प्रमुख बिजनेस ग्रुप्स और अन्य के साथ मीटिंग्स कीं। इन बैठकों में झारखंड में होटल, रिसॉर्ट और पर्यटन से जुड़ी अन्य सुविधाओं के विकास को लेकर चर्चा हुई।

## कुरमी/कुड़मी महतो समन्वय समिति का अन्तरप्रांतीय सेमिनार संपन्न



**मुरीः** लालचन्द महतो की अध्यक्षता में दो दिवसीय कुरमी/कुड़मी महतो का अन्तरप्रांतीय सेमिनार रविवार को समाप्त हो गया। इस सेमिनार में बंगाल, उड़ीसा, झारखंड और बिहार के कुर्मी,कुड़मी अपनी चिरपरिचित मांगों को लेकर इकट्ठा हुए। इस मौके पर मंच पर बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हैं। सेमिनार का मुख्य मुद्दा अबादी के आधार पर अनुसुचित क्षेत्र का पुनर्गठन के संबंध में,कुरमी/कुडमी को आठवीं अनुसूची में सुचीबध्द करने के संबंध में सेमिनार किया गया। मुख्य अतिथि श्रवण कुमार ने कहा कि कुरमी धरती से जुड़ा व्यक्ति हैं , कृषि कार्य करता है मिट्टी से जुड़ा व्यक्ति हैं उसका उठना बैठना आचार विचार सब यहां के रहने वाले आदिवासीयो से मिलता हूं तो कुरमी को आदिवासी होना ही चाहिए, उन्हें आदिवासी होने का हक और अधिकार मिलना चाहिए। उनके बाद संजोजक लालचंद महतो ने सभी को सही रुप से संगठित होकर लड़ने के लिए आह्वान किया। उसके बाद सुनील महतो, शुभेंदु महतो,सुजीत सिंह, भागीरथ,प्रभुदयाल, गोविंद,हरीष, पदमलोचन,धुमा महतो ने अपने विचार व्यक्त किए।उन्होंने ने आश्वासन दिया कि केन्द्र में इस बात को रखुगां। सेमिनार में डाक्टर रमणेश प्रसाद, माथुर महतो,किंकर महतो, देवेन्द्र महतो, शिशुपाल महतो, शत्रुघ्न महतो,निताई चन्द्र महतो, बसंत कुमार महतो, सुभाष महतो, शिवराज महतो, ठाकुर महतो, भागीरथ, जगदीश, नरेंद्र नाथ, निवारण चन्द्र,मदन,कोकिल, दीनबंधु, मनसा, पदमलोचान,फेकन, गणेश, सुमित,नीतिश, हरे कृष्ण, मृत्यंजय, विनोद, कल्याण, शिशिर, अशोक, हेमंत,गिरजानंदन, जगरनाथ,पवन समेत काफी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

## अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति की बैठक संपन्न

### ब्राह्मणों के उत्थान व जन जागृति को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर पदयात्रा का निर्णय



**संवाददाता**

**रांची:** अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति के तत्वावधान में मारवाड़ी ब्राह्मण धर्मशाला रांची में दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय अध्यक्ष कृपा निधान तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। दो दिवसीय कार्यक्रम में ब्राह्मणों के उत्थान व जन जागृति हेतु राष्ट्रीय स्तर पर पदयात्रा किया जाए। अन्य शेष प्रांत में भी इस संगठन के गठन के प्रस्ताव पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। शीघ्र ही राष्ट्रीय स्तर पर एक पद यात्रा जो दिल्ली में किया जान है पर जोर दिया गया । साथ ही अक्षय तृतीया को श्री परशुराम जी के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय महापर्व मनाने हेतु एक संकल्प जारी किया जाये एवं सरकारी अवकाश भी घोषित किया जाये। इस हेतु सरकार से मांग की जाये और भी कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित हुए। इस अवसर पर बृजेश पांडे, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष , मनोज कुमार पांडे, रांची , विपिन कुमार पांडे, मघडा नालंदा ,राजीव रंजन तिवारी, तिलोथू अर्जुन पांडे धनबाद ,प्रकाश पांडे , भृगु नंदन पांडे , संजय पांडे अधिवक्ता एवं अन्य सैकड़ो विप्रबंधु संपूर्ण भारतवर्ष से आए हुए शामिल हुए ।

# राज्य के सरकारी स्कूलों के 12 हजार शिक्षकों का घटेगा वेतन,हड़कंप

## बंचिंग का लाभ लेने वाले कर्मियों के वेतन में कटौती का आदेश



**संवाददाता**

**रांची:** राज्य के सरकारी स्कूलों में पदस्थापित 12,000 शिक्षकों के वेतन में कटौती की जायेगी। इसकी भनक लगते ही राज्य के शिक्षकों में नाराजगी है। पिछले दिनों वित्त विभाग ने राज्य के सभी उपायुक्तों सह जिला लेखा पदाधिकारी को एक पत्र भेजा है, जिसमें बताया गया है कि एक जनवरी 2006 यानी छठा वेतनमान लागू होने से पूर्व बहाल जिन कर्मियों को भी बंचिंग का लाभ (वेतन की असमानता को दूर करने के लिए अतिरिक्त इंट्रीमेंट) मिला है, वह गलत मिला है।

उन्हें बंचिंग का लाभ नहीं मिल सकता है। बंचिंग का लाभ लेने वाले कर्मियों के वेतन में कटौती का आदेश दिया गया है। इस आदेश के बाद राज्य के करीब 12,000 शिक्षकों समेत अलग-अलग विभागों में पदस्थापित कर्मियों के वेतन में प्रति माह करीब 9,000 रुपये की कटौती हो जायेगी। पिछले करीब 20 वर्षों में उन्होंने जो भी अतिरिक्त राशि वेतन के रूप में लिया है, उसकी रिकवरी भी करने की तैयारी है। वित्त विभाग के इस पत्र के बाद शिक्षकों में हड़कंप मच गया है।

**वेतन के लिए क्या है भारत सरकार की गाइडलाइन:** वेतन बैंड / वेतनमान में वेतन का निर्धारण 1 जनवरी 2006 को यथाविद्यमान मौजूदा मूल वेतन को 1.86 के गुणक से गुणा कर-के तथा इस प्रकार प्राप्त संख्या को 10 के अगले गणज से पूर्णांकित करके किया जाएगा। उदाहरण के तौर पर जैसे 2451 हो तो 2460 तक बढ़ा दिया जाएगा। यदि संशोधित वेतन बैंड / वेतनमान का न्यूनतम उपर्युक्त (1) के अनुसार प्राप्त राशि से ज्यादा है तो वेतन संशोधित वेतन बैंड / वेतनमान के न्यूनतम पर निर्धारित किया जाएगा।

**20 साल के बाद वित्त विभाग की टूटी है नींद:** झारखंड में 1998, 1999, 2000, 2004 एवं 2005 में शिक्षकों की बहाली हुई। इसके कुछ दिनों के बाद यानी एक जनवरी 2006 को छठा वेतनमान लागू कर दिया गया। जिसके बाद शिक्षकों के ग्रेड पे को रिवाइज कर दिया गया। केंद्र सरकार ने वेतनमान के निर्धारण के लिए रूल 1 और रूल 2 को तय किया। 2006 में सभी शिक्षकों के वेतनमान का निर्धारण रूल 2 के अनुसार कर दिया गया।

## मुख्यमंत्री ने तपोवन में की पूजा-अर्चना



**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज तपोवन मंदिर,निवारणपुर के नवनिर्माण हेतु आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर में पूरे विधि- विधान से पूजा - अर्चना कर राज्य की उन्नति, सुख समृद्धि एवं शांति की कामना की।

## सोशल मीडिया के माध्यम से हुई मृत महिला की पहचान



**नवनीत रंजन**

**खूंटी:** जिले के मुरहू थाना अंतर्गत तोरपा रोड स्थिति राजा कुंजल गांव में रविवार की दोपहर को एक महिला का शव मिला था। महिला के शव के पास ही एक लगभग आठ महीने का बच्चा भी मिला जो अपनी मां के शव से लिपट कर रो रहा था । जैसे ही गांव के लोगों को खेत के बीच शव मिलने की खबर हुई, गांव के लोग घटना स्थल पर पहुंचे, पर किसी ने भी उस अज्ञात महिला के शव को नहीं पहचाना। शव मिलने की खबर स्थानीय लोगों द्वारा मुरहू पुलिस को दी गई। सूचना पाकर सर्किल इंस्पेक्टर किशुन दास और मुरहू थाना प्रभारी रामदेव यादव पुलिस बल के साथ घटना स्थल राजा कुंजल पहुंचे। घटना स्थल पर बच्चे को अपनी मां से लिपट कर रोता देख सब की आँखें भर आई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे को गोद में लेकर चुप कराया फिर बच्चे को गांव के ही महिलाओं को दूध पिलाने को दे दिया । बच्चे को चाईल्ड होम केयर सहयोग विलेज भेजने की प्रक्रिया शुरूआत की। जिसके बाद अज्ञात शव को कब्जे में लेकर छान बिन में जुट गई। पहले अज्ञात शव को गांव के लोगों से पहचान कराया गया जब किसी ने भी उस अज्ञात शव को नहीं पहचाना तो आस पास के गांव में भी कोशिश की गई। उसके बाद पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से शव की पहचानने की कोशिश की गई। अज्ञात महिला कौन है यहां कैसे आई और मृत्यु का कारण क्या है कोई नहीं बात पा रहा है। गांव की एक वृद्ध महिला के अनुसार अज्ञात महिला मार्टिन बंगला की तरफ खेत से होते हुए आई थी। जिसने अपने बच्चे को बेतरा किया हुआ था, पर वह घटना स्थल पर कैसे आई और उसकी मौत कैसे हुई कोई नहीं बात पा रहा है। मुरहू पुलिस ने शव को जांच के बाद अंतपरीक्षण के लिए खूंटी सदर अस्पताल भेज दिया।

मृत महिला की पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से अगले दिल की गई। मुरहू के राजा कुंजल में मिली महिला की शव की पहचान हो गई है, मृत महिला खूंटी नगर पंचायत क्षेत्र के कामन्त गांव निवासी बिलाशी तिर्की है। जिसकी पहचान कामन्त गांव के ग्राम प्रधान अमित संगा ने सोशल मीडिया के माध्यम से की। ग्राम प्रधान अमित संगा ने बताया कि मृत बिलासी तिर्की का माइका कमन्ता गांव है जबकि उसकी शादी रानियां थाना क्षेत्र के सोदे के पास बढ़िया टोली में हुआ है, सरहुल के मौके पर वह अपने भाई दूका तिर्की के घर कमन्ता आई थी। मृतक बिलाशी तिर्की की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।



## मुख्यमंत्री ने बाबा साहब को दी श्रद्धांजलि

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर को जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## राज्य में आज आंधी-तूफान के साथ मूसलाधार बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात की चेतावनी

**रांची:** राज्य में पिछले कुछ दिनों से आसमान में आंशिक बादल छाए रहने के कारण मौसम में बदलाव हुआ है। लोगों को गर्मी से राहत मिली है। रविवार को राजधानी में दिनभर आंशिक बादल छाए रहे। रात में ठंडी हवा बहने के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची द्वारा जारी पूवार्नुमान की माने तो 14, 15 और 16 अप्रैल तक राज्य के देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, धनबाद, गिरिडीह और साहिबगंज के अलावा पश्चिमी क्षेत्र यानी पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां में 14 अप्रैल को जहां 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चलने, बारिश और बिजली गिरने की भी संभावना है। इसके साथ-साथ निकटवर्ती मध्य भाग यानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, खूंटी, गुमला और बोकारो में भी 14 अप्रैल को जहां 40 से 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा बहेगी तो दूसरी ओर वषार्पात के साथ साथ बिजली गिरने की भी संभावना है, इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार इन जिलों में 17 अप्रैल तक मौसम में उलटफेर होने की संभावना है और बिजली गिरने व तेज हवा बहने को ले अलर्ट भी जारी किया गया है। मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने कहा कि इन जिलों के लोगों को मौसम में परिवर्तन को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी गई है। विशेषकर मेघगर्जन के दौरान बाहर न निकलने की सलाह दी गई है।

### अखिल भारतवर्षीय चन्द्रवंशी क्षत्रीय महासभा का चुनाव संपन्न

## अशोक आजाद पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष व शीतल कुमार महामंत्री बने



**दिलीप चौधरी**

**रांची :** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का चुनाव 2025 - 2028 बिहार के औरंगाबाद जिले में डा. अनुग्रह नारायण सिंह नगर भवन में संपन्न हुई। इस चुनाव में अशोक आजाद पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गये साथ ही शीतल कुमार राष्ट्रीय महामंत्री चुने गये। राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष रेखा सिंह अपना चुनाव जीत गयी, वही रेखा वर्मा निर्विरोध राष्ट्रीय महिला महामंत्री अधिवक्ता चुनी गयी। राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी, बिहार प्रदेश अध्यक्ष गोविंद कुमार चंद्रवंशी, बिहार प्रदेश महामंत्री धर्मेंद्र कुमार सिंह ,बिहार प्रदेश युवा अध्यक्ष तुषार चंद्रवंशी, बिहार प्रदेश युवा महामंत्री मंटू कुमार चंद्रवंशी, औरंगाबाद जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, जिला महामंत्री राज नारायण सिंह , युवा जिला अध्यक्ष रमेश कुमार,यूवा महामंत्री अंकित कुमार, औरंगाबाद महिला जिला अध्यक्ष नीलम कुमारी ,महिला महामंत्री श्रीमती प्रीति कुमारी को चुना गया । राष्ट्रीय समिति के साथ- साथ बिहार प्रदेश एवं औरंगाबाद जिला समिति का भी चुनाव कराया गया ।

चुनाव सुबह के 10 बजे से प्रारंभ हो गया था। चुनाव के लिये तीन बूथ बनाये गये थे । चुनाव चालू होने से पूर्व दीप प्रज्वलित कर अपने आराध्य जरासंध महराज को पुष्पांजली अर्पित की गयी उसके उपरांत तीनो बूथों का फीता काटकर चुनाव शुरू किया गया। इस चुनाव मे झारखंड , बिहार , बंगाल एवं अन्य प्रदेश के लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## निर्माणाधीन बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर बैठक



**रांची:**न्यू मधुकम स्वर्ण जयंती नगर(हनुमान नगर )में बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजन हेतु बैठक बुलाई गई। इस बैठक में प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार सिंह,छात्र क्लब हरे राम हरे कृष्ण मंच (यूनिट,छात्र क्लब ग्रुप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा जी की विशेषरूप से उपस्थिति रही। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य कार्यक्रम आयोजन प्रभारी सोनू श्रीवास्तव ने बताया इस मंदिर मे श्री गणेश भगवान,शिव लिंग,पार्वती,कार्तिकेय,नंदी,नाग बाबा व अन्य विराजमान रहेंगे। यह मंदिर स्व.तारालाल श्रीवास्तव का एक सपना था जिसकी प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी चल रही है।

आज की इस पहली बैठक मे दीपक कुमार चौधरी,सिद्धेश्वर यादव,राजेंद्र साहू,ललन सिंह,निशु सिंह,दिलीप मिश्रा,सुबोध शर्मा,अजीत साहू,पवन सिंह,विकास सिन्हा,विकास यादव,जितेश साहू,दिनेश साहू,नीरज,राहुल,मिथुन,सहित्य आदि मुहल्लेवासी शामिल हुए।

### चैत्र पर्व व शिव पूजा संपन्न

# अंगारों पर चले शिव भक्त,भोक्ता झूलन ओर छऊ नृत्य का हुआ आयोजन





**संवाददाता**

**राहे :** प्रखंड के महेशपुर,नुरू,गोवाली ओर दरहा गांव में हर्षोल्लास के साथ चैत्र पर्व व शिव पूजा संपन्न हो गया। इसे लेकर गांव के शिव मंदिर परिसर में रविवार रात मेले का आयोजन किया गया। जहां लोगों ने रात भर छऊ नृत्य तथा मेले का आनंद लिया। वहीं सोमवार सुबह फूलखुंदी ( दहकते अंगारों में चलना) का आयोजन किया गया। नुरू ओर गोवाली गांव में भोक्ता 50 फीट ऊंची हवा में झूलते हुए झूलन किया। शिव भक्तों ने अपनी पीठ में लोहे की छड़ डालकर कर झूलन किया। अनुष्ठान के बाद प्रसाद ग्रहण कर व्रत तोड़ा गया।

आस्था का अद्भुत प्रतीक है फूलखुंदी ओर झूलन :- फूलखुंदी में भोक्ता नंगे पांव आग पर चलते हैं। सभी भोक्ता पाटभोक्ता के नेतृत्व में मंदिर के निकट तालाब से स्नान कर इस आग की पूजा अर्चना कर अंगारे में गुजरकर व्रत पूर्ण करते हैं। इसके बाद पीठ में लोहे की छड़ में रस्सी बांध कर 50 फीट ऊपर हवा में बल्ली के सहारे झूलते है। सारा अनुष्ठान 24 घण्टे निर्जला उपवास में रह कर करते है। आयोजन को लेकर मेला समिति के सदस्य सक्रिय भूमिका में रहे।

### झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ का महासम्मेलन संपन्न

# समाज के उत्थान के लिए एकजुट होने की जरूरत : दुर्गा जौहरी



**रांची:** पूर्व घोषणा के तहत आज झारखंड राज्य स्वर्णकार संघ का महासम्मेलन विधान सभा मैदान ध्रुवा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा जौहरी ने की। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा जौहरी ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए एकजुट होने की जरूरत है। इसके लिए गांव- गांव जाकर समाज के हर स्वर्णकार बंधुओं से एकजुट होने का आग्रह किया। इस अवसर पर दुर्गा जौहरी ने आज के कार्यक्रम में देश के कोने झ कोने से आए हुए सभी अतिथियों एवं सभी स्वर्णकार समाज के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी। मीडिया प्रभारी दिनेश सोनी ने बताया कि वर्षों के बाद प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा जौहरी के प्रयास के कारण आज स्वर्णकार समाज के बड़े महासम्मेलन का आयोजन किया गया साथ ही साथ राष्ट्र एवं राज्य से आए हुए अतिथियों को साल बुक एवं 171 किलो का माला पहनाकर स्वागत किया ।

आज के कार्यक्रम में शामिल होने वालों में मुख्य अतिथि बहादुर सिंह वर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री रवि वर्मा, मुख्य संरक्षक रवि सकत , सजन लवठ ,पप्पू ठाकुर ,तेलंगाना से के टाटिया राजकिशोर शाह ,महेश सोनी, मिथिलेश कुमार ,विशेष अतिथि कोषाध्यक्ष टुनटुन सोनी ,सुरेंद्र कुमार सोनी, समाज सेवक गिरिडीह उपाध्यक्ष बैजू सोनी, हेमंत सोनी , विनोद वर्मा ,सचिव बबलू सोनी ,अखिलेश सोनी , मीडिया प्रभारी दिनेश पायल सोनी, नेहा सोनी ,नमृता सोनी,मुनेश सोनी। आज के कार्यक्रम की जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी दिनेश सोनी ने दी है।

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।**

## सस्ते लोन की आस

अमेरिका के टैरिफ युद्ध से उपजी वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के बीच केंद्रीय बैंक ने सावधानी के फैसले लेने शुरू कर दिए हैं। शेयर बाजारों के ध्वस्त होने के बाद आर्थिक मंदी की आहट अमेरिका समेत पूरी दुनिया में महसूस की जा रही है। वैश्विक प्रतिकूलताओं के बीच केंद्रीय बैंक द्वारा हाल ही में दूसरी बार रेपो दर में 25 आधार अंक की कटौती अनिश्चितता के बीच सावधानी का ही संकेत है। केंद्रीय बैंक ने अब रेपो दर 6.25 से घटाकर 6 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इस साल यह दूसरी बार कटौती है। जबकि पहली कटौती पांच साल बाद की गई थी। यह कदम वैश्विक अस्थिरता के प्रति रिजर्व बैंक की चिंता को ही दशार्ता है। निश्चित रूप से आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के नेतृत्व में मौद्रिक नीति समिति द्वारा समायोजन के साथ बदलती प्राथमिकताओं का संकेत दिया है। अब बैंक की प्राथमिकता मुद्रास्फीति के बजाय विकास को गति देना है। निर्विवाद रूप से केंद्रीय बैंक ने यह कदम ऐसे समय पर उठाया है जब संयुक्त राज्य अमेरिका से उपजे व्यापार तनाव और टैरिफ संकट के बीच आर्थिक अनिश्चितता बढ़ रही है। ये हालात घरेलू स्तर पर खपत में कमी करके मंदी की आशंका बढ़ा सकते हैं। साथ ही विकास में निजी निवेश की संभावनाओं पर भी भारी पड़ सकते हैं। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक ने देश के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के पूवार्नुमान को संशोधित करके 6.5 फीसदी कर दिया है। जो आने वाली आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर पैदा होने वाली चिंताओं को ही रेखांकित करता है। निश्चित रूप से यह फैसला आवास और ऑटो ऋण ले चुके लोगों के लिये राहत भरी खबर है क्योंकि रेपो रेट घटने पर ऋण लेने वालों की ईएमआई घट सकती है। साथ ही यह कदम नये ऋण लेने वाले लोगों को भी प्रोत्साहित करेगा। इससे रियल एस्टेट सेक्टर को गति मिलने की संभावना भी बढ़ गई है।हालांकि, उन लोगों को कुछ निराशा हो सकती है जो बैंकों में सावधि जमा राशि के जरिये जीवनयापन करते हैं। ऐसे में ब्याज दरों में गिरावट से उनका वास्तविक रिटर्न कम हो सकता है। फलतः निवेश को प्रोत्साहन देने के लिये नई रणनीति बनाने की जरूरत है। निस्संदेह, रेपो दरों में कटौती मौद्रिक अनुशासन का एक जरूरी उपकरण है, लेकिन ये अंतिम रामबाण उपचार भी नहीं है। इसके साथ ही केंद्रीय बैंक को मुद्रास्फीति के दबाव व मुद्रा अस्थिरता के प्रति भी सतर्क रहना चाहिए। जिससे महंगाई बने रहने की चिंता भी पैदा हो सकती है। जरूरी है कि केंद्रीय बैंक द्वारा रेपो दरों में की गई कटौती का लाभ बैंक यथाशीघ्र अपने ऋण लेने वाले ग्राहकों को प्रदान करें। बहरहाल, दरों की यह कटौती केंद्रीय बैंक की विकास को गति देने की मंशा को ही जाहिर करती है। लेकिन यह कदम तभी प्रभावकारी हो सकता है जब राजकोषीय उपायों और संरचनात्मक सुधारों को गति प्रदान की जाए। बहरहाल, आम आदमी के लिये यह सुखद है कि उसकी ईएमआई कम हो जाएगी। साथ ही नये लोन भी सस्ते होंगे। जिससे हाउसिंग क्षेत्र में डिमांड बढ़ेगी। साथ ही लोग रियल एस्टेट में अधिक निवेश कर सकेंगे। निश्चित रूप से इस कदम से रियल एस्टेट सेक्टर को नई ताकत मिलेगी। वहीं उद्योग जगत ने भी केंद्रीय बैंक के फैसले का स्वागत किया है। उद्योग जगत लंबे समय से ब्याज दरों में कटौती की मांग करता रहा है, जबकि केंद्रीय बैंक की प्राथमिकता मुद्रास्फीति पर नियंत्रण की बनी रही थी। बहरहाल, केंद्रीय बैंक ने अर्थव्यवस्था में मुद्रा के प्रवाह को बढ़ाने का मन बना लिया है। यह तार्किक ही कि आर्थिक प्रतिकूलताओं के बीच मंदी के प्रभाव को टालने के लिये अर्थव्यवस्था में मुद्रा का प्रवाह बढ़ाने का सहारा लिया जाए। केंद्रीय बैंक को अहसास है कि टैरिफ टकराव से घरेलू विकास दर प्रभावित हो सकती है। साथ ही निर्यात पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है। ऐसे में सकारात्मक स्थिति यह है कि दुनिया में कच्चे तेल के दामों में गिरावट आई है, जिससे सरकार को महंगाई को काबू में रखने में मदद मिल सकती है।

## बड़ी कूटनीतिक जीत

लगभग डेढ़ दशक के प्रयासों के बाद, देश को दहला देने वाले मुंबई आतंकी हमले के सूत्रधार रहे पाकिस्तानी मूल के तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण हमारी बड़ी कानूनी व कूटनीतिक जीत है। यह सफलता तब ही पूर्ण मानी जाएगी जब इस साजिश में बड़ी भूमिका निभाने वाले डेविड कोलमैन हेडली का भारत प्रत्यर्पण हो सकेगा। जिसने मुंबई हमले से पूर्व आतंकियों द्वारा निशाने पर लिए गए जगहों की कई बार रेकी करके आतंकी सरगनाओं की मदद की थी। निश्चय की तहव्वुर राणा का भारत लाया जाना इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि जांच के बाद मुंबई आतंकी हमले में पाकिस्तान सरकार तथा आईएसआई की भूमिका व पाक स्थित आतंकी संगठनों के खतरनाक मंसूबों का खुलासा हो सकेगा। सही मायनों में यह हमारी खुफिया एजेंसियों की भी कठिन परीक्षा होगी कि इस साजिश की तह तक कैसे पहुंचा जाए। भारतीय खुफिया एजेंसियां से यदि इस बड़ी साजिश की कड़ियां सही तरह से जोड़ पायी तो आतंकवाद की उर्वरा भूमि बने पाकिस्तान को दुनिया के सामने बेनकाब किया जा सकेगा। यही वजह है कि 26/11 के दहला देने वाले मुंबई हमले के सूत्रधार तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पण करने के रास्ते अवरोध खड़े करने में प्रत्यक्ष-परोक्ष तौर पर पाक समर्थकों द्वारा कोशिशें की गई। वे सारे कानूनी उपाय अपनाए गए जो राणा का प्रत्यर्पण रोक सकते थे। बहरहाल, इस प्रत्यर्पण से उन शहीदों के परिजनों को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है, जिनकी इस आतंकी हमले में मृत्यु हुई थी। अब तक उनके परिजनों को इस बात का मलाल था कि सोलह साल बाद भी सभी अपराधियों को सजा नहीं मिली सकी है। साथ ही राणा की पूछताछ से होने वाले खुलासों से आतंकवाद की पाठशाला बने पाकिस्तान को अलग-थलग करने के प्रयासों को भी बल मिलेगा। निश्चित रूप से तहव्वुर राणा के खिलाफ भारतीय कानून व न्याय व्यवस्था के मानकों के अनुरूप ही कार्रवाई होगी। साथ ही अजमल कसाब की तरह उसकी अपनी बात कहने को कानूनी मदद भी दी जाएगी। हालांकि, अब तक पाकिस्तान मुंबई आतंकी हमले में अपना हाथ होने से लगातार इनकार करता रहा है, लेकिन सभी प्राथमिक सूचनाएं और ठोस सबूत पाक की तरफ इशारा करते रहे हैं। वहीं दूसरी ओर वह अपनी धरती पर कुख्यात आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के बड़े गुर्गों को संरक्षण देकर उनका बचाव करता रहा है। ऐसे में हमारी जांच एजेंसियों के अधिकारी तहव्वुर राणा से सख्त पूछताछ से सच्चाई सामने लाने में सक्षम हो सकते हैं। साथ ही ठोस निष्कर्षों के आधार पर पाकिस्तान पर दबाव बना सकता है कि वह अपनी जमीन आतंकवादियों को पालने-पोसने में इस्तेमाल न होने दे। इसके अलावा आतंकी संगठनों पर पर्याप्त दबाव बनाए, ताकि फिर मानवता के खिलाफ मुबई हमले जैसे घटनाक्रम न दोहराए जा सकें। बहरहाल, तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण पाकिस्तान तथा दूसरे देशों में भारत विरोधी गतिविधियां चला रहे लोगों व संगठनों के लिये साफ संदेश गया है कि इंसानियत के दुश्मन दुनिया के किसी भी कोने में कानून की ओट में बच नहीं सकते। साथ ही पाकिस्तान को आईना दिखा दिया गया है जो तहव्वुर राणा को कनाडा का नागरिक बताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की कोशिश कर रहा था। निश्चित रूप से इस सफलता में भारत के राजनीतिक व कूटनीतिक प्रयासों की भी बड़ी भूमिका रही है। भारतीय अधिकारियों ने इस दिन के लिये कड़ी मेहनत की। हालांकि, अभी इस रहस्य से पर्दा उठना बाकी है कि अमेरिका ने क्यों अपने नागरिक डेविड कोलमैन हेडली को भारत को सौंपने से परहेज किया। जबकि उसने इस बड़े अपराध में बड़ी भूमिका निभाई थी। हेडली व राणा आतंकी हमले को अंजाम देने वाले आतंकी संगठनों व पाक खुफिया एजेंसियों के संपर्क में लगातार बने रहे थे। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए की तहव्वुर राणा से कड़ी पूछताछ के बाद भारतीय एजेंसियां मुंबई हमले में इस्लामाबाद की भूमिका, पाक सत्ता प्रतिष्ठानों की करतूतों,आईएसआई के नेटवर्क व आतंकी संगठनों को दी जाने वाली आर्थिक मदद की हकीकत देश-दुनिया के सामने ला सकेंगी।

# बेलगाम फीस की वसूली- प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर लगाम कब लगेगी?

दिल्ली के एक नामी–गिरामी स्कूल से ऐसी खबर आई जिसने सबको स्तब्ध कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दिल्ली के एक बड़े स्कूल ने तो बच्चों को ही बंधक बना लिया था। बताया जा रहा है कि दिल्ली के एक बड़े स्कूल में फीस बढ़ोतरी को लेकर वहां पढ़ने वाले बच्चों के अभिवावक प्रदर्शन कर रहे थे और इस बीच स्कूल के प्रबंधकों ने कुछ बच्चों को लाइब्रेरी में बंधक बना लिया।

**संतोष कुमार पाठक**

प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस में बेलगाम बढ़ोतरी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। प्राइवेट स्कूलों के संचालकों में मुनाफा कमाने का लालच इस कदर बढ़ता जा रहा है कि वे सारी सीमाओं को तोड़ते जा रहे हैं। स्कूल से जबरदस्ती महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर करने का मामला हो या फिर तय की गई दुकानों से ही घटिया क्वालिटी की ड्रेस ज्यादा कीमत पर खरीदने का दबाव हो, ऐसा लगता है कि इनपर कोई कानून या नियम लागू नहीं होता है। प्राइवेट स्कूलों की लॉबी इतनी ज्यादा मजबूत हो गई है कि अब इन्हें सरकारों का भी कोई भय नहीं रहा है। शुक्रवार को दिल्ली के एक नामी-गिरामी स्कूल से ऐसी खबर आई जिसने सबको स्तब्ध कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दिल्ली के एक बड़े स्कूल ने तो बच्चों को ही बंधक बना लिया था। बताया जा रहा है कि दिल्ली के एक बड़े स्कूल में फीस बढ़ोतरी को लेकर वहां पढ़ने वाले बच्चों के अभिवावक प्रदर्शन कर रहे थे और इस बीच स्कूल के प्रबंधकों ने कुछ बच्चों को लाइब्रेरी में बंधक बना लिया। एक न्यूज चैनल ने तो यहां तक दावा किया है कि बच्चों को लाइब्रेरी में बंद करने के मामले की जांच साउथ वेस्ट डीएम लक्ष्य सिंहल ने की और उन्होंने यह भी माना कि जब वे जांच करने स्कूल पहुंचे तो उन्होंने खुद बच्चों को लाइब्रेरी में




बैठे हुए पाया। डीएम ने जांच की रिपोर्ट शिक्षा विभाग को भेज दी है। उम्मीद करते हैं कि दिल्ली की बीजेपी सरकार इस स्कूल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए एक उदाहरण सेट करेगी ताकि भविष्य में कोई भी स्कूल इस तरह की हरकत करने के बारे में सोच भी नहीं सके। दिल्ली के कई प्राइवेट स्कूलों के बाहर मनमानी फीस बढ़ोतरी के खिलाफ अभिवावक प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं वसंतकुंज स्थित एक प्राइवेट स्कूल ने तो अभिभावकों के स्कूल परिसर में आने पर प्रतिबंध तक लगा दिया है। सही मायनों में कहा जाए तो यह स्कूलों की तानाशाही है और इस देश की सरकारों और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कई तरह के सवाल खड़े करती है। देश की राजधानी दिल्ली में 1700 के लगभग प्राइवेट स्कूल हैं। इनमें सरकारी जमीन पर बने प्राइवेट स्कूल 448 हैं। सरकार द्वारा बनाए गए नियम के हिसाब से सभी स्कूलों को हर साल फाइनेंशियल स्टेटमेंट देना जरूरी होता है। अगर शिक्षा निदेशालय को फीस बढ़ोतरी गलत लगती है, तो वो इसे रोक सकती है और स्कूल को बढ़ी हुई फीस अभिवावकों को वापस देनी होगी। लेकिन सरकार चुप है, अधिकारी अपना काम नहीं कर रहे हैं और इसका नतीजा स्कूलों की मनमानी के रूप में सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि दिल्ली के कई प्राइवेट स्कूलों ने 10 प्रतिशत से लेकर 30 प्रतिशत तक फीस बढ़ा दी है। ये स्कूल ट्यूशन फीस, डिवेलपमेंट फीस, ट्रांसपोर्ट फीस के अलावा ओरिएंटेशन फीस, एसी, स्कूल ऐप और स्मार्ट क्लास के नाम पर भी तगड़ी वसूली कर रहे हैं।

दिल्ली की बीजेपी सरकार के लिए यह एक बड़ी चुनौती से कम नहीं है। क्योंकि उनकी सरकार बनने के बाद शुरू हुए स्कूलों के नए सत्र में ही यह फीस बढ़ोतरी की गई है। ऐसे में स्वाभाविक तौर पर दिल्ली के लोगों को यह लगने लगा है कि भाजपा की सरकार बनने के बाद ही दिल्ली के प्राइवेट स्कूलों के मालिकों में मनमानी करने की हिम्मत आ गई है। यह बात अगर दिल्लीवासियों के मन में बैठ गई तो फिर बीजेपी के लिए मुश्किलें खड़ी हो जाएगी। आम आदमी पार्टी इसे एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनाने की कोशिश लगातार कर रही है। समय की यह मांग है कि सरकार आगे आए और इन प्राइवेट स्कूलों की दादागिरी, मनमानी और तानाशाही भरे रवैए पर रोक लगाए या फिर कड़ी कार्रवाई करें। हालांकि यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि प्राइवेट स्कूलों की यह मनमानी किसी एक शहर या किसी एक राज्य तक ही सीमित भर नहीं है।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# वर्तमान वैश्विक पटल पर भारत के लिए आपदा में अवसर हैं

चीन से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर तो अमेरिका ने 145 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया है। एक तरह से अमेरिका की ओर से चीन को यह खुली चुनौती है कि अब अपने उत्पादों को अमेरिका में निर्यात कर के बताए। 145 प्रतिशत के आयात कर पर कौन सा देश अमेरिका को अपने उत्पादों का निर्यात कर पाएगा, यह लगभग असम्भव है। इससे चीन की अर्थव्यस्था छिन्न भिन्न हो सकती है,

**प्रहलाद सबनानी**

अमेरिका ने अन्य देशों से अमेरिका में होने वाली आयातित उत्पादों पर भारी भरकम टैरिफ लगाकर विश्व के लगभग समस्त देशों के विरुद्द एक तरह से व्यापार युद्ध छेड़ दिया है। इससे यह आभास हो रहा है आगे आने वाले समय में विभिन्न देशों के बीच सापेक्ष युद्ध न होकर व्यापार युद्ध होने लगेगा। चीन से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर तो अमेरिका ने 145 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया है। एक तरह से अमेरिका की ओर से चीन को यह खुली चुनौती है कि अब अपने उत्पादों को अमेरिका में निर्यात कर के बताए। 145 प्रतिशत के आयात कर पर कौन सा देश अमेरिका को अपने उत्पादों का निर्यात कर पाएगा, यह लगभग असम्भव है। इससे चीन की अर्थव्यस्था छिन्न भिन्न हो सकती है, यदि चीन, अमेरिका के स्थान पर विश्व के अन्य देशों को अपने उत्पादों का निर्यात नहीं बढ़ा पाया। बगैर प्रत्यक्ष युद्ध किए, अमेरिका ने चीन पर एक तरह से विजय ही प्राप्त कर ली है और चीन की अर्थव्यवस्था को भारी नुक्सान करने के रास्ते खोल दिए हैं, हालांकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था भी विपरीत रूप से प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगी। परंतु, ट्रम्प प्रशासन ने विश्व के 75 देशों पर लागू किए गए टैरिफ को 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया है। इससे अमेरिका की अर्थव्यवस्था पर अन्यथा होने वाले विपरीत प्रभाव को बहुत बड़ी हद तक कम कर लिए गया है। अमेरिका संभवत चाहता है कि आर्थिक मोर्चे पर चीन पर इतना दबाव बढ़ाया जाए कि चीन की जनता चीन के वर्तमान सत्ताधरियों के विरुद्ध उठ खड़ी हो और चीन एक तरह से टूट जाए। अमेरिका ने लगभग इसी प्रकार का दबाव बनाकर सोवियत रूस को भी तोड़ दिया था। कुल मिलाकर पूरे विश्व में विभिन्न देशों के बीच अब नए समीकरण बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। यूरोपीयन यूनियन के समस्त सदस्य देश आपस में मिलकर अब अपनी सुरक्षा स्वयं करना चाहते हैं। अभी तक ये देश अमेरिका के सखा देश होने के चलते अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर रहते थे। परंतु, वैश्विक स्तर पर बदली हुई परिस्थितियों के बीच इन देशों का अमेरिका पर विश्वास कम हुआ है एवं यह देश आपस में मिलकर अपनी स्वयं की सुरक्षा व्यवस्था खड़ी करना चाहते हैं। आगे आने वाले समय में यूरोपीयन यूनियन के समस्त देश अपने सुरक्षा बजट में भारी भरकम वृद्धि कर सकते हैं। यहां, भारत के लिए अवसर निर्मित हो सकते हैं क्योंकि भारत में हाल ही के समय में सुरक्षा के क्षेत्र में उत्पादों की नई एवं भारी मात्रा में उत्पादन क्षमता निर्मित हुई है। भारत आज सुरक्षा के क्षेत्र में तेजी से न केवल आत्म निर्भर हो रहा है बल्कि भारी मात्रा में उत्पादों का निर्यात भी करने लगा है। आज सिंगापुर जैसे विकसित देश भी भारत से सुरक्षा उत्पाद खरीदने हेतु करार करने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। यदि यूरोपीयन देशों के साथ भारत की पटरी ठीक बैठ जाती है तो सुरक्षा के क्षेत्र में भारत के लिए अपार सम्भावनाएं मौजूद है। भारत, यूरोपीयन देशों के साथ सामूहिक तौर पर द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने के प्रयास भी कर रहा है। इसी प्रकार, आगे आने वाले समय में यदि चीन के निर्यात अमेरिका को कम होते हैं तो चीन से विनिर्माण इकाईयों का पलायन तेजी से प्रारम्भ होगा। संभवत इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र, टेक्स्टायल क्षेत्र, फार्मा क्षेत्र, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र, प्रेशस मेटल के क्षेत्र में भारत के लिए अपार सम्भावनाएं बनती हुई दिखाई दे रही है, क्योंकि, उक्त समस्त क्षेत्रों से चीन, अमेरिका को भारी मात्रा में निर्यात करता है। अब 145 प्रतिशत के टैरिफ की दर पर चीन में निर्मित उत्पाद अमेरिका में नहीं बिक पाएंगे। अतः भारत के लिए इन समस्त क्षेत्रों में अपार सम्भावनाएं बनती हुई दिखाई दे रही हैं। टेक्स्टायल के क्षेत्र में तो वर्तमान में भारत के पास बहुत भारी मात्रा में उत्पादन क्षमता भी उपलब्ध है। टेक्स्टायल के क्षेत्र में भारत के पड़ौसी देश ही अधिक प्रतिस्पर्धी बने हुए हैं, जैसे बंगलादेश, पाकिस्तान, चीन, वियतनाम आदि। इस समस्त देशों पर अमेरिका द्वारा लगाई गई टैरिफ की दर, भारत की तुलना में कहीं अधिक है। अतः टेक्स्टायल के क्षेत्र में भारत में निर्मित विभिन्न उत्पाद तुलनात्मक रूप से अधिक प्रतिस्पर्धी बन गए हैं। इसका सीधा सीधा लाभ भारतीय टेक्स्टायल उद्योग द्वारा उठाया जा सकता है। इसी प्रकार, मोबाइल फोन का उत्पादन करने वाली विश्व की सबसे बड़ी कम्पनियों में से सैमसंग एवं ऐपल नामक कम्पनियां भारत में अपनी उत्पादन क्षमता में भारी भरकम वृद्धि करने के बारे में विचार कर रही हैं। वर्ष 2024 में भारत से 2040 करोड़ अमेरिकी डॉलर के मोबाइल फोन का निर्यात विभिन्न देशों को हुआ हैं, यह वर्ष 2023 में हुए निर्यात की राशि से 44 प्रतिशत अधिक है। और, मोबाइल फोन के निर्यात में हुई इस भारी भरकम वृद्धि में ऐपल एवं सैमसंग कम्पनियों का योगदान सबसे अधिक रहा है। केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई उत्पादन प्रोत्साहन योजना का लाभ भी भारत में मोबाइल निमार्ता कम्पनियों ने भारी मात्रा में उठाया है। भारत आज स्मार्ट मोबाइल के उत्पादन के क्षेत्र में पूरे विश्व में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। यदि वैश्विक स्तर पर परिस्थितियां इसी प्रकार बनी रहती हैं तो शीघ्र ही भारत मोबाइल उत्पादन के क्षेत्र में पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ जाएगा। अन्य क्षेत्रों में उत्पादन करने वाली बहुराष्ट्रीय बड़ी बड़ी कम्पनियां भी अपनी विनिर्माण इकाईयों को चीन से स्थानांतरित कर भारत में स्थापित कर सकती हैं। कोविड महामारी के खंडकाल के समय भी यह उम्मीद की जा रही थी और चीन+1 नीति का अनुपालन करने के सम्बंध में कई कम्पनियों ने घोषणा की थी परंतु उस समय पर कई कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों को ताईवान, वियतनाम, एवं थाईलैंड, आदि जैसे छोटे छोटे देशों में ले गईं थी और इसका लाभ भारत को बहुत कम मिला था। परंतु, आज परिस्थितियां बहुत बदली हुई हैं। छोटे छोटे देशों में बहुत भारी मात्रा में उत्पादन करने वाली विनिर्माण इकाईयां स्थापित करने की बहुत सीमाएं हैं। इन देशों में श्रमबल की उपलब्धता सीमित मात्रा में है। जबकि भारत में इस दौरान आधारिक संरचना एवं मूलभूत सुविधाओं में अतुलनीय सुधार हुआ है और भारत में श्रमबल भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। आज जापान, इजराईल, ताईवान, रूस, जर्मनी, फ्रान्स, आस्ट्रेलिया आदि विकसित देश श्रमबल की कमी से जूझ रहे हैं। कई विकसित देशों में जनसंख्या वृद्धि दर लगभग शून्य के स्तर पर आ गई है। बल्कि, कुछ देशों में तो जनसंख्या में कमी होती हुई दिखाई दे रही है। दूसरे, इन देशों में प्रौढ़ नागरिकों की संख्या बड़ी तेजी से बढ़ती जा रही है और इन प्रौढ़ नागरिकों की देखभाल के लिए भी युवा नागरिकों की आवश्यकता है। अब कुछ देशों जैसे जापान, इजराईल, ताईवान आदि ने भारत सरकार से भारतीय नागरिकों के इन देशों में बसाने के बारे में विचार करने को कहा है। इजराईल सरकार ने लगभग 1 लाख भारतीयों की मांग भारत सरकार से की है, जापान सरकार ने भी लगभग 2 लाख भारतीयों की मांग की है एवं ताईवान सरकार ने भी लगभग 1 लाख भारतीयों की मांग की है। भारत आज विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे युवा देश है। अतः भारत आज इस स्थिति में है कि अपने नागरिकों को इन देशों में बसाने के लिए भेज सके। वैसे भी विश्व के कई देशों में आज लगभग 4 करोड़ भारतीय मूल के नागरिक निवास कर रहे हैं एवं इन देशों की अर्थव्यवथा में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मजबूत भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। भारतीय नागरिक वैसे भी हिंदू सनातन संस्कृति का अनुपालन करते हैं एवं इन देशों में शांतिपूर्ण तरीके से जीवन यापन करते हैं। इतिहास गवाह है कि भारत ने कभी भी किसी भी देश पर अपनी ओर से आक्रमण नहीं किया है। भारतीय नागरिक ह्लवसुधैव कुटुम्बकमह्व की भावना में विश्वास रखते हैं अतः किसी भी देश में वहां के स्थानीय नागरिकों के साथ तुरंत घुलमिल जाते हैं।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

## काशी विश्वनाथ मंदिर में रोजाना की जाती है भोग आरती

हिंदू धर्म में सोमवार का दिन देवों के देव महादेव की पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा की जाती है। साथ ही महादेव की कृपा पाने के लिए सोमवार का व्रत रखा जाता है। सोमवार के व्रत की महिमा शिव पुराण में वर्णित है। सोमवार व्रत के पुण्य प्रभाव से व्यक्ति की हर मनोकामना पूरी होती है और जातक के सुख-सौभाग्य में भी वृद्धि होती है। सोमवार व्रत से मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है। वहीं कुंडली में चंद्रमा मजबूत करने के लिए भी जातक को महादेव की पूजा करने की सलाह दी जाती है। भगवान शिव की शरण में रहने से व्यक्ति को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है। वहीं जो भी जातक सच्चे मन और श्रद्धा भाव से भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हैं, उनको हर कार्य में सफलता प्राप्त होती है। वैसे तो हमारे देश में भगवान शिव के तमाम मंदिर हैं। जिनकी अपनी विशेषता है। लेकिन क्या आपको पता है कि काशी विश्वनाथ मंदिर में भोग आरती का बड़ा महत्व होता है। काशी विश्वनाथ मंदिर में की जाने वाली भोग आरती में तमाम श्रद्धालु शामिल होते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि काशी विश्वनाथ मंदिर में भोग आरती कब की जाती है। वाराणशी का काशी विश्वनाथ मंदिर पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। काशी नगरी को महादेव की नगरी कहा जाता है। इस मंदिर का इतिहास सदियों पुराना है। वहीं दैवीय काल में भगवान शिव का निवास स्थान काशी में रहा था। गंगा नदी के तट पर बसा यह शहर अपनी आध्यात्मिकता और खूबसूरती के लिए जाना जाता है। वहीं बड़ी संख्या में भक्त देश-विदेश से दर्शन के लिए काशी पहुंचते हैं। धार्मिक मान्यता है कि काशी स्थित विश्वनाथ मंदिर में महादेव के दर्शन मात्र से व्यक्ति की हर मनोकामना पूरी होती है। इससे जातक के सभी प्रकार के संकट, दुख, भय, रोग और दोष आदि दूर हो जाते हैं। रोजाना काशी विश्वनाथ मंदिर में सप्तर्षि और मंगला आरती की जाती है। इसके अलावा मंदिर में भोग आरती का भी आयोजन किया जाता है।

**जानिए कब होती है भोग आरती**

बता दें कि काशी विश्वनाथ मंदिर में रोजाना भोग आरती रात में 09:00 बजे से लेकर 10:15 मिनट तक की जाती है। मंदिर में चार बार आरती की जाती है। वहीं अंतिम आरती भोग आरती होती है। भोग आरती में महादेव को भोग यानी प्रसाद भेंट किया जाता है। वहीं मां पार्वती को अन्नपूर्णा भी कहा जाता है। मां अन्नपूर्णा और भगवान शिव की पूजा करने से जातक को जीवन में कभी अन्न-धन की कमी नहीं रहती है। व्यक्ति को सभी तरह के सुखों की प्राप्ति होती है। भोग आरती में शामिल होने के लिए भक्तजनों रात 08:30 मिनट तक प्रवेश की अनुमति होती है। वहीं 12 साल तक के बच्चों की एंट्री फ्री है।

**भोग आरती**

देवों के देव महादेव अपने भक्तों के सारे दुख हर लेते हैं और उनकी महिमा निराली है। वह अपने भक्तों पर असीम कृपा बरसाते हैं और उनकी कृपा से सभी मनोरथ सिद्ध हो जाते हैं।

## सेहत

### लगातार एसी की हवा में बैठे रहने से हो सकता है भारी नुकसान

एयर कंडीशनर आधुनिक जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा बन चुका है, जो अत्यधिक तापमान से घरों, ऑफिस और वाहनों में आराम प्रदान करता है। गर्मियों में एसी बैठे रहने से बॉडी को ठंडक तो मिलती है लेकिन इसके नुकसान भी होते हैं। एसी की हवा स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। एसी में पूरे दिन बैठने से श्वसन संबंधी समस्याओं से लेकर त्वचा की जलन तक कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। आइए आपको बताते हैं दिनभर एसी की हवा में बैठना भी हमारी सेहत के लिए ठीक नहीं है? इससे सेहत पर बुरा असर पड़ता है। अगर आप पूरे दिन एसी में बैठें रहते हैं, तो स्किन और म्यूकस मेम्ब्रेन ड्राई हो जाते हैं। इस कारण त्वचा में जलन, खुजली और आंखों में ड्राईनेस हो सकती है। इसके साथ ही आपकी त्वचा भी रुखी हो जाती है, जिससे त्वचा पपड़ीदार हो सकती है। अगर आप हाइड्रेटडे नहीं रहते हैं चो आपकी बॉडी डिहाइड्रेट हो जाती है। पूरा दिन एसी में बैठे रहने से सांस से जुड़ी समस्याओं की वजह भी बन सकती है। इस कारण अस्थमा या साइनस का खतरा बढ़ जाता है। यदि एसी की साफ–सफाई न की जाए, तो इससे उसमें बैक्टीरिया जमने लगते हैं। एसी की हवा में बैठने से आपको इंफेक्शन या एलर्जीक रिएक्शन का खतरा बढ़ सकता है। अगर आप ऑफिस में पूरे दिन एसी में बैठे रहते हैं, तो आपकी मांसपेशियां सिकुड सकती हैं, जिससे गर्दन और पीठ की मांसपेशियों में अकड़न हो सकती है। गलत पोस्चर में लंबे समय तक एसी में बैठने से दर्द और अकड़न बढ जाता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### ससुराल वालों के ऊपर हत्या का आरोप लगाते हुए मुफस्सिल पुलिस से की शिकायत

**साहिबगंज :** कटिहार जिला के लोहिया नगर निवासी राकेश कुमार मंडल 28 वर्ष का शव उसके ही ससुराल मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़ी कोदरजन्ना में फांसी के फंदे से लटकता हुआ पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक राकेश कुमार के स्वजनों ने ससुराल वालों के ऊपर हत्या का आरोप लगाते हुए मुफस्सिल पुलिस से शिकायत किया हैं। मृतक राकेश के बड़े भाई मुकेश कुमार मंडल ने बताया कि मेरे भाई की शादी छह वर्ष पूर्व विवेकानंद मंडल की पुत्री कुमारी नूतन के साथ हुई थी। दोनों से एक पांच वर्ष की पुत्री भी है। शनिवार की शाम कोदरजन्ना के कुछ ग्रामीणों ने फोन कर सूचना दिया कि आपके भाई की ससुराल में मौत हो गई है ।विश्वास नहीं होने पर अन्य लोगों से भी इसकी जानकारी ली गई तो पता चला कि राकेश के ससुराल मैं फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है । सूचना मिलते हैं सभी स्वजनों के साथ साहिबगंज उसके ससुराल पहुंचा तो देखा की शव पड़ा हुआ है।

मुकेश ने ससुराल वाले पर हत्या का आरोप लगाते हुए मुफस्सिल थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। मुकेश ने बताया कि राकेश व उसकी पत्नी नूतन के साथ बराबर लड़ाई झगड़ा होता था। राकेश की पत्नी नूतन राकेश के अलावा अन्य लड़कों के साथ बातचीत वी घूमना फिरना करती थी। इस बात को लेकर राकेश कई बार अपनी पत्नी को समझाया बुझाया लेकिन उसकी पत्नी हर बार राकेश से का विरोध करती थी। बताया कि 15 दिन पहले राकेश की पत्नी लड़ाई झगड़ा कर कर अपने मायके चली गई थी। बीते शुक्रवार को फिर नूतन ने राकेश को फोन कर उसे वापस घर लाने के लिए घर बुलाया। लेकिन इन लोगों के बीच नूतन के घर में कुछ हुआ जो की सभी परिवार वालों ने षड्यंत्र के तहत मिलकर राकेश की हत्या कर उसे फांसी के फंदे से लटका दिया। जबकि राकेश के ससुराल जाने के बाद उसका मोबाइल भी बंद हो गया था। इधर मुफस्सिल पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए शव का पोस्टमार्टम करने के बाद शव को स्वजनो को सौंप दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज करते हुए पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### रमेश कुमार पर बीते रात्रि आसमानी बिजली के चपेट में आने से हुआ घायल

**साहिबगंज :** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुर दियारा निवासी भूमनेश्वर सिंह के 18 वर्षीय पुत्र रमेश कुमार पर बीते रात्रि आसमानी बिजली के चपेट में आने से घायल हो गया। वही परिजनों ने घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां ड्यूटी कर रहे चिकित्सक डॉ मोहन मुर्मू ने प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया।वही घायल के पिता ने बताया। कि रविवार की अहले सुबह लगभग 3 बजे आंधी और बिजली गर्जन एक साथ शुरू हुआ था। हमलोग घर पर थे। वही घर के बगल के खेत में गर्जन के साथ वज्रपात हुआ। जिसमें मेरा पुत्र घायल हो गया। वही घायल का बायां एवं दायां हाथ व सीने में गहरी चोट आई है।

### मधुमक्खी के काटने से युवक घायल

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत तलबनना निवासी राधा यादव के 26 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार को मधुमक्खी ने काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वही परिजनों ने आनन -फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया।जहां ड्यूटी पर रहे चिकित्सक डॉ मोहन मुर्मू ने प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया।वही घायल अंकित कुमार ने बताया। कि घर पर काम कर रहे थे। अचानक कैसे मधुमक्खी झुंड आया और काट लिया।जिससे घायल हो गए।

### पिकअप वैन पलटने से एक की मौत

**साहिबगंज :** बोरियों थाना क्षेत्र के देव पहाड़ पीर दरगाह समीप मछली लद्दा पिकअप वैन और नियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें पुरानी साहिबगंज नया टोला निवासी रंजन कुमार चौधरी की मौत हो गई ।जबकि पिकअप वैन में बैठे विक्की कुमार, विवेक कुमार, पिंटू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।इधर बोरियों पुलिस को सूचना मिलते ही सदर अस्पताल पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज हैं ।बताया जा रहा हैं कि नया टोला पुरानी साहिबगंज निवासी विक्की कुमार,पिंटू कुमार ,गोपाल चौधरी,वीरेंद्र कुमार ,एवं रंजन कुमार चौधरी मछली का कारोबार करता है ।वही रविवार की सुबह फरक्का से मछली लेकर साहिबगंज आने के क्रम में देवपहाड़ के समीप पिकअप वैन दुर्घटना ग्रस्त हो गया। घायल गोपाल चौधरी ने बताया कि हम पांच लोग थे दो लोग डाला में थे जहां मछली रखते है ।वही तीन लोग वैन के केबिन में थे। वही वैन वीरेंद्र चला रहा था ।वही अचानक कैसे संतुलन बिगड़ने से वैन दुर्घटना ग्रस्त हो गए। जिससे मेरा भतीजा की मृत्यु हो गई है। वही बोरियो थाना थाना प्रभारी ने बताया कि मामले कि जांच की जा रही है।

### साहिबगंज की अंडर-16 क्रिकेट टीम ने पाकुड़ को हराया




**साहिबगंज :** गिरिडीह में चल रहे जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-16 टूनार्मेंट के एक मैच में साहिबगंज जिला की टीम ने पाकुड़ जिला की टीम को हरा दिया। इस जीत से साहिबगंज जिला क्रिकेट एसोसिएशन व खेल प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा, जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, सुरेश साह, आफताब आलम, राकेश गुप्ता, गोपाल सिंह, मो अशफाक आलम, अमित तिवारी, राकेश रोशन, चंदन यादव, सागर सुमन, प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा, अजित तिवारी, डॉ तुफैल व अन्य ने टीम को बधाई दी है।

### कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष अजय यादव बने



**साहिबगंज :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संगठन सर्जन वर्ष 2025 मंथन के तहत साहिबगंज जिला में प्रत्येक प्रखंड में पर्यवेक्षक नियुक्त किया है ।वही कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष अजय कुमार यादव को साहिबगंज ग्रामीण का पर्यवेक्षक बनाया गया है। जिसको लेकर कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष अजय कुमार यादव ने कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का आभार व्यक्त किया है। साथ ही प्रदेश महासचिव तनवीर आलम, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान को धन्यवाद दिया.कांग्रेस ओबीसी जिला अध्यक्ष अजय यादव ने कहा कि वह पिछले 6 वर्षों से कांग्रेस में रहकर पार्टी हित में लगातार काम करते आ रहा हूँ उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसा पार्टी है जो आपसी भाईचारा,सदभाव,हिंदू मुस्लिम,सिख,इसाई सबको संजोकर रख सकता है। हम उस पार्टी के सिपाही हैं जो सभी जाति धर्म पंत को साथ लेकर चलती है।

# सड़क निर्माण में अनियमितता की शिकायत को लेकर जांच में पहुंचे विधायक प्रतिनिधि

### घटिया गुणवत्ता और घोर अनियमितता का ग्रामीणों ने दिखाया सबूत



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखंड अंतर्गत बिशनपुर पंचायत के बिशनपुर ग्राम में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हो रहे सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत ग्रामीणों के द्वारा मिलने के उपरांत कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह पाकुड़ विधायक निसात आलम के विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के द्वारा सड़क का निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के क्रम में स्थानीय ग्रामीणों ने बरकत खान को बताया कि बीते सप्ताह बिशनपुर पंचायत भवन के समीप हुए सड़क कालीकरण निर्माण कार्य में लापरवाही किया गया है,सड़क निर्माण के अगले ही दिन जगह-जगह सड़क उखड़ गई।आज निरीक्षण के दौरान भी ग्रामीणों ने हाथ एवं पैर से रगड़ने पर सड़क उखड़ गया।बरकत खान ने निरीक्षण के उपरांत बताया कि उक्त सड़क का निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरुप नहीं किया गया है,इसमें घोर अनियमितता बरती गई है।बरकत खान ने विभागीय जूनियर इंजीनियर एवं एग्जीक्यूटिव देवीलाल हांसदा से वातार्लाप कर सड़क की जांच करते हुए टूटे सड़क का प्रकरण के अनुरूप कार्य कराने की बात कही है।उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि अगर कार्य में सुधार नहीं हुआ तो उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी। मौके पर प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष मोहम्मद सफातुल्लाह, जवाहरलाल भगत, शीश मोहम्मद, दीपक कुमार रजक, दिनेश रजक, महफूज आलम, अख्तर हुसैन, राजेश गुप्ता, मुबारक हुसैन, दिलीप गुप्ता, जाकिर, हासिम अख्तर, तैयब अली, तारिकूल, उमर अली, नजमुल हक, सईदुर रहमान, लुतफुल हक, अबु ताहीर, अनारूल हक, अबुबकर शेख सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### अज्ञात एक्सप्रेस ट्रेन से अज्ञात युवक गिरकर घायल

**साहिबगंज :** बरहरवा रेल खंड अंतर्गत कल्याणचक रेलवे-स्टेशन के आस -पास अज्ञात एक्सप्रेस ट्रेन से अज्ञात युवक गिरकर घायल हो गया। जिससे युवक का बाया हथेली कट कर अलग हो गया एवं दाहिना हथेली भी आधा कट गया सर में भी एक जगह कटा पाया गया ।घायल युवक को ट्रैकमैन के द्वारा देखा गया फिर तालझारी के स्थानीय निवासी अनवर अली को फोन की गई एवं नेक नागरिक प्रजापति प्रकाश बाबा को भी सूचना दी गई ।दोनों ने मौके पर पहुंचकर स्ट्रेचर के माध्यम से 250 मीटर खेतों में पैदल चलते हुए मुख्य सड़क कल्याणचक फाटक पर लाया गया इसकी सूचना कल्यांचक रेलवे स्टेशन मास्टर को दी गई। रेलवे स्टेशन मास्टर के द्वारा रामपुरहाट साहिबगंज पैसेंजर को कल्यांचक फाटक के पास थोड़ी देर के लिए रोका गया ट्रेन रुकने के बाद स्थानीय युवकों के सहयोग से माल बोगी में घायल युवक को चढ़कर साहिबगंज इलाज के लिए भेजा गया।

## एसडीपीआई की नई कार्यकारिणी समिति निर्वाचन संपन्न




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** प्रखंड के अंतर्गत गुमानी श्रीकुंड में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया ने जिला कमेटी गठन को लेकर एक बैठक आयोजित किया।उक्त बैठक में एसडीपीआई की जिला प्रतिनिधि परिषद ने अगले कार्यकाल 2025 से 2027 तक के लिए नई जिला कार्यकारिणी समिति का चुनाव किया। परिषद की शुरूआत सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद हंजेला शेख के परिचयात्मक भाषण से हुई। उक्त बैठक में मौजूद एसडीपीआई के प्रदेश उपाध्यक्ष हबीबुर रहमान ने बैठक का उद्घघाटन किया। उन्होंने परिषद की चुनाव प्रक्रिया के बारे में जानकारी दिए और फिर उनके निगरानी में चुनाव को सम्पन्न किया गया।उक्त चुनाव के माध्यम से साहिबगंज जिला अध्यक्ष के रूप में अब्दुल वदूद उपाध्यक्ष अफजल अंसारी महासचिव एडमिन मो० सउद आलम संगठन महासचिव अब्दुस समद सचिव तुहीना खातुन व नाजिर अंसारी कोषाध्यक्ष लाल मोहम्मद अंसारी जिला कार्य समिति सदस्य रबिउल इस्लाम,तबस्सेरा खातुन,नुरजेमान आलम,शहाबुद्दीन शेख आदि का चुनाव कर चयन किया गया।वहीं डीआरसी का समापन नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अब्दुल वदूद के भाषण के साथ धन्यवाद ज्ञापन नवनिर्वाचित जिला महासचिव मो0 सउद आलम ने किया।मौके पर पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष हंजला शेख,प्रदेश महासचिव शमीम अख्तर,प्रदेश उपाध्यक्ष हबीबुर रहमान,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमर फारूक,प्रदेश सचिव वाजिदा खातुन सहित अन्य मौजूद थे।

## झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ की बैठक में रणनीति पर हुई चर्चा



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ राज्य कमेटी के निर्णय के अनुसार साहिबगंज जिला कमेटी की बैठक सिद्धू कान्हू स्टेडियम में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक कुमार साह ने की.बैठक में निर्णय लिया गया। आगामी 19 अप्रैल को राज्य कमेटी की बैठक में साहिबगंज से अधिक से अधिक सहायक अध्यापक के साथ जिला कमेटी के तमाम सदस्य तमाम प्रखंड कमेटी बैठक में भाग लेने जाएंगे एवं आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।अगर सरकार अप्रैल महीने के अंत तक वार्ता नहीं करती है तो सरकार के खिलाफ आंदोलन की रणनीति बनाते हुए प्रदर्शन किया जाएगा।आंदोलन के प्रथम चरण में सत्ता पक्ष के सभी विधायक मंत्री के आवास पर एकदिवस का धरना प्रदर्शन करते हुए शिक्षा मंत्री एवं मुख्यमंत्री के आवास का घेराव किया जाएगा अगर इसके बाद भी सरकार मांग को पूरा नहीं करती है तो झारखंड के समस्त सहायक अध्यापक हड़ताल में जाने को विवश हो जाएंगे एवं प्राथमिक शिक्षा को बर्बाद करने के लिए झारखंड सरकार एवं उनके विभागीय अधिकारी पूर्ण रूप से जिम्मेदार माने जाएंगे.बैठक में प्रदेश महासचिव विकास कुमार चौधरी,प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र दुबे जिला सचिव चंदन कुमार सिंह,अनिल यादव प्रखंड अध्यक्ष तालझारी गमाल हेंब्रम, प्रखंड अध्यक्ष साहिबगंज जितेंद्र हरि प्रखंड संचित मोहसिन अजमल जगदीश मुर्मू लखन लाल अर्जुन प्रसाद सिंह लिना मुर्मू,कृष्ण रंजन उर्फ सोनू ओझा सुभाष पासवान धर्मराज मंडल जितेंद्र शाह,नंदकिशोर पंडित गौहर अली नैमूल हक अजय कुमार सिंह उपेंद्र मंडल चंद्रमा रजक मंटू यादव इत्यादि उपस्थित थे।

### पहाड़ पर दो से तीन युवकों ने एक युवक को चाकू से मारकर किया घायल

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत सिद्दू कान्हु स्टेडियम के समीप पहाड़ पर दो से तीन युवकों ने चाकू से मारकर घायल कर दिया। वही घायल की पहचान मजहर टोला निवासी अब्दुल रऊफ के 17 वर्षीय पुत्र शम्स रऊफ के रूप में हुआ है ।वही घायल शम्स रऊफ ने बताया कि मैं स्टेडियम के ऊपर घूमने गया था ।तभी दो युवक आया और मुझे पकड़ कर पहाड़ की दूसरी छोर जाने को कहा ।मैने माना कर दिया तो चाकू से मुझपर हमला कर दिया ।वही किसी तरह जान बचाकर भागते ही अपने परिजनों को इसकी सूचना दी। वही घायल के पिता अब्दुल रऊफ ने बताया कि ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए ।क्योंकि सभी बच्चे खेलने के लिए जाते है ।वही प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए बताया ।आन्य बच्चों के साथ ऐसी घटना ना हो प्रशासन को ध्यान देने की बात कही।

## स्कूलों में शिक्षा के साथ संस्कार का होना बहुत जरूरी : तनवीर आलम



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** इंडियन पब्लिक स्कूल आजादचौक में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्कूल परिवार ने कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम का बुके देकर स्वागत किया ।तनवीर आलम ने कहा कि आज शिक्षा के साथ संस्कार का होना बहुत जरूरी है ।उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही बच्चों को जीवन में सफलता मिलती है ।उन्होंने कहा कि अभिभावक भी बच्चों को संस्कारित बनाने में विशेष ध्यान दें ।उन्होंने बच्चों से मोबाइल से दूर रहने का आह्वान किया ।तनवीर आलम ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं ।छात्र-छात्राओं ने ड्रामा,नाटक प्रस्तुत करके समाज के लोगों को जागरूक किया। पर्यावरण, पेड़ की अंधाधुंध कटाई से हानि,हिंदू मुस्लिम एकता,देशभक्तों की वीरता,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे संदेश संगीत और नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं, छोटे छोटे बच्चों ने दिया संदेश। कार्यक्रम के उपरांत कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम ने प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कृत भी किया! कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान,20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, युवराज सिंह, दिलदार आलम, रबीउल इस्लाम, नेहाल अख्तर सहित अन्य मौजूद रहे।

## भारतीय हालदार किसान यूनियन की हुई बैठक



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** सदर प्रखंड डिहारी स्थित मध्य विद्यालय में भारतीय हालदार किसान यूनियन की बैठक जिला अध्यक्ष लक्ष्मण यादव की अध्यक्षता में हुई ।बैठक में किसानों की समस्या व संगठन मजबूती पर चर्चा की गई ।वहीं विभागीय पदाधिकारियों से वार्ता के लिए 5 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल का चयन करने,प्रधानमंत्री फसल बीमा राशि का भुगतान, लगान रसीद निर्गत कराने, किसानों को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने,किसानों को पेंशन,पीएम फसल बीमा योजना 2013 व 2018 का बकाया भुगतान कराने के लिए संघर्ष जारी रखने का निर्णय लिया गया ।वही बैठक में डिहारी निवासी अजय कुमार यादव का संगठन में सक्रियता को देखते हुए जिला स्तर से प्रदेश कमिटी में भेजना का अनुशंसा किया गया.मौके पर शंकर प्रसाद यादव,गंगा सागर,अजय कुमार यादव,मनु प्रसाद,चंद्रमा यादव, बच्चन पाठक,नंद कुमार ओझा, अजय, राम प्रवेश यादव, शिव नाथ महतो, सत्यनारायण मंडल, शशि शंकर ओझा सहित दर्जनों किसान मौजूद थे।

# सभी नागरिकों को समान अधिकार दिलाने के लिए संविधान में महत्वपूर्ण योगदान दिया

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन नेहरू युवा केंद्र माय भारत के द्वारा डॉ भीम राव आंबेडकर की जयंती मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक श्री रविकांत तांती, पूर्व राष्ट स्वयंसेवक कौशर अंसारी और चंदन कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत स्टेशन चौक पर स्थित डॉ भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए पटेल चौक से नगर परिषद साहिबगंज तक स्वच्छता कार्यक्रम भी चलाया गया । साथ गैस गोदाम स्थित राज कोचिंग सेंटर में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में उपस्थित कौशर अंसारी ने बताया कि डॉ भीम राव अंबेडकर जयंती हर साल की तरह इस साल भी 14 अप्रैल यानी आज मनाई जा रही है। इस दिन हम उनके उस काम को सम्मान देते हैं जिससे देश में समानता और इंसाफ की नींव रखी गई। ऐसे में अंबेडकर जयंती के दिन बाबा साहेब के महान और भारतीय संविधान के रचयिता को याद भी कर सकते हैं। डॉ. भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के निमार्ता, महान समाज सुधारक और दलितों के अधिकारों के रक्षक थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन जातिवाद, भेदभाव और सामाजिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष करते हुए बिताया और सभी नागरिकों को समान अधिकार दिलाने के लिए संविधान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. अंबेडकर ने शिक्षा, समानता और मानवाधिकारों को समाज में स्थापित करने की दिशा में कई सारे महत्वपूर्ण निर्णय लिए। अंबेडकर जयंती हमें उनके आदर्शों और विचारों को अपनाकर एक समान और न्यायपूर्ण समाज की ओर बढ़ने की प्रेरणा देती है। अंबेडकर जयंती के दिन हमें खुद तो कुछ अलग करने का प्रण लेना ही चाहिए कार्यक्रम में उपस्थित श्री रविकांत तांती ने बताया कि डॉ. बी.आर. अम्बेडकर द्वारा समाज के लिए किए गए बलिदानों और योगदान को याद करते हैं। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर का जन्म एक दलित परिवार में हुआ था और बचपन से ही उन्हें अपने वर्ग के कारण लोगों से भेदभाव और क्रूरता का सामना करना पड़ा था। केवल दलित होने के कारण लोगों द्वारा भेदभाव का शिकार होने के कारण उन्हें दलितों की दयनीय स्थिति का एहसास हुआ। तब से डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने दलितों की बड़े पैमाने पर मदद की है। समुदाय के लिए उनके अतुलनीय योगदान के कारण अल्पसंख्यक भी उन्हें भगवान मानते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य का कातरगंज से नगर परिषद साहेबगंज तक रैली में भी शामिल हो कर लोगों से डॉ भीम राव आंबेडकर जयंती के देश में योगदान के प्रति जागरूक किए । इस कार्यक्रम में अभिषेक नीरज ,दर्पण, पीयूष, सुलेंद्र ,मोहित अमित रोहित ,अंकित गुड़िया, चांदनी, रेणु, प्रियंका, रानी, नीलू, मौसमी, हा, रिया, प्रिया, रागिनी, नेहा, खुशबू, राज, मुकेश, चंदन ,रमेश , बंटी, शनि, आनंद, बिनोद, इंद्रजीत, सूजन, राजीव, करण आदि के साथ दर्जनों छात्र छात्राएं उपस्थित हुए।





## रिद्धिमा कपूर करेंगी बॉलीवुड डेब्यू, कपिल शर्मा और नीतू कपूर संग आएंगी नजर

कपूर खानदान की चमक-दमक और बॉलीवुड की गलियों से हमेशा थोड़ी दूर रहने वाली रिद्धिमा कपूर अब लाइमलाइट की ओर कदम बढ़ाती नजर आ रही हैं। सितारों से भरे इस प्रतिष्ठित परिवार में जन्मी रिद्धिमा का मिजाज भले ही थोड़ा अलग रहा हो, लेकिन अब खबरें हैं कि वो भी बॉलीवुड में अपनी पारी की शुरूआत करने जा रही हैं। लेकिन अब ऐसा लगता है कि एक्टिंग का जुनून धीरे-धीरे उनके भीतर भी जाग चुका है। सूत्रों के अनुसार, रिद्धिमा जल्द ही किसी प्रोजेक्ट के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू कर सकती हैं। हालाँकि अभी इस बारे में आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन उनके फैंस के बीच इस खबर ने उत्सुकता जरूर बढ़ा दी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक करिश्मा और करीना कपूर के बाद अब रिद्धिमा भी फिल्मी दुनिया में अपना कदम रखने को तैयार हैं। खास बात ये है कि रिद्धिमा का बॉलीवुड डेब्यू बेहद दिलचस्प होने वाला है, क्योंकि उनकी पहली फिल्म में वो कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के साथ रोमांस करती नजर आएंगी। बात यहीं खत्म नहीं होती, इस फिल्म में रिद्धिमा की मां और मशहूर अभिनेत्री नीतू कपूर भी एक अहम भूमिका में दिखाई देंगी। ऐसे में मां-बेटी की जोड़ी और साथ ही कपिल शर्मा का तड़का, ये तिकड़ी पर्दे पर एक नया अनुभव लेकर आने वाली है। फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इतना तो तय है कि कपूर परिवार का यह नया अध्याय बॉलीवुड के दर्शकों के लिए बेहद खास होने वाला है। कपिल शर्मा अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुट गए हैं, जिसकी कमान निर्देशक आशीष आर मोहन ने संभाली है। ये फिल्म एक फुल-ऑन कॉमिक एंटरटेनर होगी, और इसकी शूटिंग अप्रैल से चंडीगढ़ में शुरू होने जा रही है। इस खास प्रोजेक्ट से रिद्धिमा कपूर साहनी भी अपने फिल्मी करियर की शुरूआत करने जा रही हैं और इस डेब्यू को लेकर वो बेहद उत्साहित हैं। रिद्धिमा को दर्शकों ने पहले भी स्क्रीन पर देखा है। वो पिछले साल नेटफ्लिक्स के पॉपुलर शो 'फैबुलस लाइफ वर्सेस बॉलीवुड वाइव्स' के तीसरे सीजन में नजर आई थीं, जहां उनका स्टाइलिश और कॉन्फिडेंट अंदाज खासा पसंद किया गया था।

## प्रतीक गांधी ने फिल्म 'फुले' की रिलीज डेट टाले जाने पर जताई नाराजगी




प्रतीक गांधी की आगामी फिल्म 'फुले' इन दिनों चर्चा में है। यह फिल्म समाज सुधारकों महात्मा फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन और उनके महत्वपूर्ण कार्यों पर आधारित है। पहले यह फिल्म 11 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे दो सप्ताह के लिए टाल दिया गया है। दरअसल, फिल्म के ट्रेलर में दिखाए गए एक सीन को लेकर ब्राह्मण समुदाय ने आपत्ति जताई है, जिसके चलते यह निर्णय लिया गया। इस विवाद पर अभिनेता प्रतीक गांधी ने कहा कि फिल्म का मकसद किसी भी समुदाय की भावनाओं को आहत करना नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य सिर्फ एक सच्ची और प्रेरणादायक कहानी को लोगों तक पहुंचाना है।

फिल्म 'फुले' के ट्रेलर को लेकर मचे विवाद के बीच अभिनेता प्रतीक गांधी ने कहा, ₹मैं उस वक्त एक शूटिंग लोकेशन पर था, जब मुझे खबर मिली कि फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है। यह सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ, क्योंकि 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले की 179वीं जयंती होने से हमारे लिए बेहद खास तारीख थी। अगर फिल्म उसी दिन रिलीज होती, तो वह पल ऐतिहासिक बन जाता, लेकिन कोई बात नहीं... जो भी होता है, शायद अच्छे के लिए ही होता है।₹

प्रतीक गांधी ने यह भी साफ किया कि फिल्म का मकसद सिर्फ फुले दंपति के महान कार्यों को दर्शाना है और इसका किसी की भावनाएं आहत करने का इरादा नहीं है। उन्होंने आगे कहा, ₹निमार्ताओं से फिल्म में कुछ बदलाव करने के लिए कहा गया है। हालांकि, फिल्म का मूल संदेश मिटाया नहीं गया है। कुछ लोगों ने ट्रेलर पर ही आपत्ति जताई है और मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि वे पूरी फिल्म देखें और फिर अपना वोट दें। ट्रेलर में कोई संदर्भ नहीं दिया गया है।₹ फिल्म 'फुले' अब 25 अप्रैल को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का निर्देशन अनंत महादेवन ने किया है।

## वीकेंड पर जाट' की कमाई बढ़ी, तीसरे दिन 10 करोड़ रुपये कमाए



सनी देओल बॉलीवुड के सबसे दमदार एक्टर्स में से एक हैं। उन्होंने अब तक अपने फिल्मी करियर में कई सुपरहिट भूमिकाएं निभाई हैं। उनके कई संवाद आज भी फिल्म प्रेमियों को याद हैं। दो साल बाद सनी ने 'जाट' के जरिए बॉलीवुड में वापसी की है। 10 अप्रैल को रिलीज हुई इस फिल्म को आलोचकों और प्रशंसकों से सकारात्मक समीक्षा मिली है। फिल्म 'जाट' की बॉक्स ऑफिस पर शुरूआत भले ही धीमी रही हो, लेकिन वीकेंड पर फिल्म की कमाई में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। सैकनिल्क के मुताबिक 'जाट' ने तीसरे दिन 10 करोड़ रुपये कमाए हैं। 3 दिनों में यह फिल्म भारत में 26.50 करोड़ कमा चुकी है। पहले दिन इसने 9.5 करोड़, जबकि दूसरे दिन आंकड़ा 7 करोड़ पहुंच गया और तीसरे दिन यह कमाई 10 करोड़ रुपये तक जा पहुंची है। अगर फिल्म ऐसे ही आगे बढ़ती रही तो यह अपना 60 करोड़ रुपये का बजट आराम से निकाल लेगी। फिल्म 'जाट' के कई दृश्य काट दिए गए हैं। कुल 22 परिवर्तन किये गये हैं। इसमें गाली-गलौज और अभद्र भाषा सहित कई हिंसक दृश्य थे, जिन्हें अब बदल दिया गया है। महिला इंस्पेक्टर के साथ छेड़छाड़ वाले दृश्य को भी हटा दिया गया है और उसे छोटा कर दिया गया है। हालांकि, सोशल मीडिया पर फिल्म 'जाट' को लेकर दर्शकों की प्रतिक्रिया सकारात्मक रही है। कुछ लोगों का कहना है कि 'जाट' सनी के करियर की अब तक की सबसे अच्छी फिल्म है। कुछ लोगों ने कहा है कि यह साउथ फिल्म की तरह 'जाट' है।

### सनी देओल की 'जाट' की रफ्तार पड़ी धीमी, दूसरे दिन आई गिरावट

सनी देओल की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जाट' लंबे समय से चर्चा में बनी हुई थी। फैंस इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित थे। जब यह 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई, तो थिएटरों के बाहर जश्न का माहौल बन गया। कहीं ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर लोग फिल्म देखने पहुंचे, तो कहीं ढोल-नगाड़ों की धुन पर दर्शक झूमते नजर आए। सनी देओल के फैंस ने फिल्म की ओपनिंग को किसी त्योहार की तरह सेलिब्रेट किया। हालांकि फिल्म की पहले दिन की कमाई उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी और बॉक्स ऑफिस पर थोड़ी निराशा देखने को मिली। अब दूसरे दिन की कमाई के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जिनसे यह साफ हो रहा है कि फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। आने वाले वीकेंड पर फिल्म की कमाई में उछाल देखने की उम्मीद की जा रही है, खासकर नॉर्थ बेल्ट में जहां सनी देओल की पकड़ बेहद मजबूत मानी जाती है। सैकनिल्क के रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल की फिल्म 'जाट' ने दूसरे दिन महज 7 करोड़ रुपये की कमाई की, जबकि ओपनिंग-डे पर इसने 9.5 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। यानी फिल्म की कमाई में दूसरे दिन गिरावट दर्ज की गई है। अब तक 'जाट' ने भारत में कुल 16.50 करोड़ रुपये की कमाई की है, जबकि दुनियाभर का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सिर्फ 13.25 करोड़ रुपये पर सिमट गया है, जो कि उम्मीद से काफी कम है। हालांकि कमाई में गिरावट के बावजूद, 'जाट' सनी देओल के करियर की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग देने वाली फिल्म बन गई है। पहले स्थान पर अब भी उनकी ब्लॉकबस्टर हिट 'गदर 2' कायम है, जिसने रिकॉर्ड तोड़ शुरूआत की थी।

## फिल्म 'केसरी चैप्टर-२' को सेंसर बोर्ड से मिला 'ए' सर्टिफिकेट



अक्षय कुमार, आर माधवन और अनन्या पांडे जैसे बड़े सितारों से सजी फिल्म 'केसरीः चैप्टर 2' का इंतजार अब खत्म होने को है। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म को सेंसर बोर्ड ने 'ए' सर्टिफिकेट दिया है। इसका मतलब है कि फिल्म में ऐसे दृश्य या विषयवस्तु है, जिसके लिए केवल 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के दर्शकों के लिए उपयुक्त माना गया है। ऐसे में यह साफ है कि 'केसरी-2' एक गहरी, गंभीर और शायद काफी इंटेंस फिल्म होने वाली है, जो दर्शकों को न सिर्फ एंटरटेन करेगी, बल्कि सोचने पर भी मजबूर कर सकती है। हालांकि, बोर्ड ने फिल्म के कुछ दृश्यों में बदलाव करने की सिफारिश भी की है, जो आमतौर पर गंभीर या संवेदनशील विषयों पर बनी फिल्मों के साथ देखा जाता है। अब देखना दिलचस्प होगा कि ह्यकेसरीः चैप्टर 2ह्व अपने प्रभावशाली विषय और कलाकारों के दम पर दर्शकों के दिलों में क्या खास जगह बना पाती है। फिल्म की कहानी जलियांवाला बाग हत्याकांड के इर्द-गिर्द घूमती है और अक्षय इसमें वरिष्ठ वकील सी शंकरन नायर के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म की कुल लंबाई 2 घंटे, 15 मिनट और 6 सेकंड है। यह पहली बार नहीं है, जब अक्षय कुमार की किसी फिल्म को 'ए' सर्टिफिकेट मिला हो। इससे पहले भी उनकी कुछ फिल्मों को सेंसर बोर्ड से ऐसी रेटिंग मिल चुकी है, खासकर जब फिल्म का विषय देशभक्ति, सच्ची घटनाओं या सामाजिक मुद्दों पर आधारित रहा हो। वह शुरूआत से ही ऐसे विषयों पर काम करते आए हैं जो कभी-कभी सेंसर बोर्ड की ह्यअडल्ट रेटिंगह्व की श्रेणी में आ जाते हैं। अक्षय की फिल्म 'ऐलान' (1994), 'सपूत' (1996), 'खिलाड़ियों का खिलाड़ी' (1996), 'जुल्मी' (1999), 'देसी बॉयज' (2011), 'डटत्र्2' (2023) के बाद अब 'केसरीः चैप्टर 2' इस लिस्ट में नया नाम जोड़ चुकी है। अक्षय कुमार की इन फिल्मों को सेंसर बोर्ड से 'ए' सर्टिफिकेट मिला है।

## तीरंदाजी वर्ल्ड कप स्टेज-1 : पुरुष रिकर्व टीम इवेंट में भारत ने जीता रजत

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारत ने आर्चरी वर्ल्ड कप स्टेज-1 में पुरुष रिकर्व टीम इवेंट का रजत मेडल अपने नाम किया। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम को चीन के हाथों 1-5 से हार का सामना करना पड़ा। धीरज, तरूणदीप और अतानु की तिकड़ी ने दिलाया भारत को तीसरा पदक

भारतीय टीम की ओर से धीरज बोम्मडेवरा, तरूणदीप राय और अतानु दास की तिकड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूनार्मेंट में भारत का तीसरा पदक दिलाया। इससे पहले भारत ने कंपाउंड मिक्स्ड टीम इवेंट में स्वर्ण और कंपाउंड मेंस टीम इवेंट में कांस्य पदक जीता था।

**पहले सेट में बराबरी, फिर चीन ने ली बढ़त**

रिकर्व टीम इवेंट के गोल्ड मेडल मुकाबले में भारत और चीन की टीमों ने पहले सेट में 54-54 की बराबरी की। लेकिन दूसरे सेट में चीन ने चार 10 का स्कोर करते हुए 58-55 से जीत दर्ज की और 3-1 की बढ़त बना ली। भारत की ओर से एक बार फिर 8 अंक स्कोर कर पिछड़ने का खामियाजा भुगतना पड़ा।

**तीसरे सेट में भी चूकी भारतीय टीम, चीन ने स्वर्ण किया अपने नाम :** तीसरे सेट में भारत को मैच में बने रहने के लिए जीत दर्ज करनी थी, लेकिन भारतीय तीरंदाज 54 अंक ही जुटा सके। चीन ने 55 अंक बनाकर सेट और मुकाबला दोनों अपने नाम कर लिया। इसी के साथ चीन ने स्वर्ण पदक जीता।

**अभिषेक वर्मा चौथे स्थान पर, धीरज से उम्मीद :** कंपाउंड मेंस इंडिविजुअल कैटेगरी में भारत के अनुभवी अभिषेक वर्मा मेडल से चूक गए और चौथे स्थान पर रहे। वहीं, धीरज बोम्मडेवरा मेंस रिकर्व इंडिविजुअल इवेंट में अभी भी मुकाबले में बने हुए हैं, जिनका प्रदर्शन दिन में बाद में होगा।

## आईपीएल 2025: सीएसके ने गायकवाड़ की जगह आयुष म्हात्रे को टीम में किया शामिल



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में अब तक खराब प्रदर्शन से जूझ रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने बड़ा फैसला लिया है। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के चोटिल होकर पूरे सीजन से बाहर होने के बाद फ्रेंचाइजी ने मुंबई के युवा ओपनर आयुष म्हात्रे को टीम में शामिल किया है। 17 वर्षीय म्हात्रे को दो दिन में टीम से जुड़ने के लिए कहा गया है और वे जल्द ही सीएसके के स्क्वाड का हिस्सा बन सकते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए ये सीजन अब तक बेहद निराशाजनक रहा है। टीम ने सात में से केवल एक मुकाबला जीता है और लगातार पांच मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। इसी बीच कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के कोहनी में फ्रैक्चर के चलते पूरे सीजन से बाहर हो जाने से टीम की मुश्किलें और बढ़ गईं।

क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार,, सीएसके मैनेजमेंट ने आयुष म्हात्रे समेत उर्विल पटेल (गुजरात), सलमान निजार (उत्तर प्रदेश) और पृथ्वी शॉ को ट्रायल के लिए चेन्नई बुलाया था। हालांकि, प्रदर्शन और फिटनेस के आधार पर आयुष म्हात्रे का चयन किया गया। आईपीएल 2025 की नीलामी में 30 लाख के बेस प्राइस पर भी कोई खरीदार न मिलने वाले म्हात्रे को अब बड़ा मौका मिल गया है। सीएसके अभी लखनऊ में अपना सातवां मुकाबला खेलने पहुंची है, जहां सोमवार रात वे लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ भिड़ेगी। इसके बाद टीम 20 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में उतरेगी। उम्मीद जताई जा रही है कि आयुष म्हात्रे मुंबई में ही सीएसके स्क्वाड से जुड़ेंगे। 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे मुंबई के क्रिकेट सर्कल में उभरता हुआ सितारा हैं। अब तक खेले गए 9 फर्स्ट क्लास मैचों में वे 504 रन बना चुके हैं, जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है। वहीं, 7 लिस्ट ए मुकाबलों में भी उन्होंने 458 रन बनाए हैं।

## द मास्टर्स 2025 : रोरी मैकइ्लरॉय ने पूरा किया करियर ग्रैंड स्लैम, मिली ग्रीन जैकेट



एजेंसी

**अगस्ता।** अगस्ता नेशनल गोल्फ क्लब में रविवार को इतिहास रच दिया गया, जब रोरी मैकइ्लरॉय ने एक रोमांचक मुकाबले में जस्टिन रोज को प्लेऑफ में हराकर द मास्टर्स 2025 का खिताब जीत लिया। इसी के साथ मैकइ्लरॉय ने करियर ग्रैंड स्लैम भी पूरा कर लिया और वो गोल्फ इतिहास में यह उपलब्धि हासिल करने वाले छठे खिलाड़ी बन गए।

**ऐसे बना रोमांचक मुकाबला**

पूरे टूनार्मेंट में बढ़त बनाए रखने वाले मैकइ्लरॉय ने आखिरी दिन शुरूआत में ही दो शॉट की बढ़त गंवा दी। इसके बाद बैक-नाइन पर तीन होल में चार शॉट की बढ़त भी हाथ से निकल गई। 13वें होल पर उनकी एक गलती ने मैच को पूरी तरह रोमांचक बना दिया, जब उनका शॉट रे क्रीक में चला गया और डबल बोगी करनी पड़ी।

**दो शानदार शॉट्स से वापसी**

हालात मुश्किल होने के बाद भी मैकइ्लरॉय ने हार नहीं मानी। 15वें होल पर शानदार 7-आयरन से गेंद को 6 फीट तक पहुँचाया और बर्डी लगाकर बराबरी कर ली। इसके बाद 17वें होल पर 8-आयरन से बेहतरीन शॉट खेलते हुए 2 फीट तक गेंद पहुँचाई और बर्डी कर एक शॉट की बढ़त ले ली।

**जस्टिन रोज का जबरदस्त संघर्ष**

जस्टिन रोज ने भी कमाल की वापसी की। शनिवार को 75 का स्कोर खेलने वाले रोज आखिरी दिन 10 बर्डी लगाकर खिताबी दौड़ में लौटे। 18वें होल पर 20 फीट की बर्डी पुट लगाकर मुकाबला प्लेऑफ में पहुँचाया। हालांकि प्लेऑफ में उनकी किस्मत ने फिर साथ नहीं दिया।

**आखिरकार मिली ग्रीन जैकेट**

प्लेऑफ में मैकइ्लरॉय ने तीसरे शॉट पर गेंद को 3 फीट तक पहुँचाया और बर्डी करते हुए खिताब अपने नाम किया। जीत के बाद वो घुटनों के बल बैठ गए और खुशी के आँसू बहाए। इस खिताब के साथ उन्होंने 11 साल का मेजर टाइटल का सूखा खत्म किया और टाइगर वुड्स, जैक निकलॉस जैसे दिग्गजों की लिस्ट में शामिल हो गए।

# मुर्शियाबाद में हमारे खिलाफ जैसे युद्ध छेड़ दिया पेट्रोल बम, पत्थरों से हुए हमले : डीआईजी

**पश्चिमी बंगाल में तैनात बीएसएफ के डीआईजी ने बयां की उपद्रवियों की हरकत**

एजेंसी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज इलाके में भड़की हिंसा के बाद हालात अब भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। इस क्षेत्र में सुरक्षा के लिहाज से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की नौ कंपनियों को तैनात किया गया है। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के डीआईजी और पीआरओ नीलोत्पल कुमार पांडे ने कहा कि जवानों के पहुंचने पर अराजक तत्वों ने हमारे खिलाफ जैसे युद्ध छेड़ दिया। हमारी पेट्रोलिंग पार्टी पर ईंट-पत्थरों के साथ पेट्रोल बम फेंके गए। हमला करने वाले वही लोग हैं, जो इलाके में लगातार कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं।

उन्होंने बताया कि हालांकि इस हमले में किसी भी बीएसएफ जवान के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। भारी पथराव में कुछ जवानों को मामूली चोटें आई हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बीएसएफ ने सुसूतिया और शमशेरगंज पुलिस थाना क्षेत्र सहित आसपास के संवेदनशील इलाकों में अपनी उपस्थिति बढ़ा दी है। बीएसएफ ने माना है कि स्थानीय लोग डरे हुए हैं। इस डर को दूर करने और विश्वास बहाल करने के लिए जवान लगातार इलाके में फ्लैग मार्च कर रहे हैं।बीएसएफ प्रवक्ता ने बताया कि हम राज्य पुलिस के साथ मिलकर समन्वय में काम कर रहे हैं ताकि स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सके। शुरूआती दौर में प्रशासन के अनुरोध पर दो कंपनियों को मौके पर भेजा गया था। जब हालात बिगड़ने लगे तो अतिरिक्त बलों की तत्काल तैनाती की गई। अब सभी संवेदनशील इलाकों और संभावित हॉटस्पॉट्स पर बीएसएफ की तैनाती की गई है।

## नासिक में अंबेडकर जयंती जुलूस में डीजे के कारण 23 वर्षीय युवक की मौत

**मुंबई।** नासिक जिले में सोमवार को सुबह डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित जुलूस में डीजे की कर्कश आवाज के कारण 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। इस घटना की जांच पंचवटी पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। पुलिस के अनुसार नासिक में आज डॉ. बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर भव्य जुलूस निकाला गया। इसमें पेठ रोड के फुलेनगर के निवासी नितिन रणशिंगे (23) भी शामिल हुए थे। जुलूस में डीजे की आवाज बहुत तेज थी, जिससे नितिन अचानक नीचे गिर गए और उनके नाक और मुंह से खून बहने लगा।

## आईसीजी व गुजरात एटीएस की 1,800 करोड़ की ड्रग बरामदगी को अमित शाह ने बताया बड़ी उपलब्धि

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) और गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने राज्य के पोरबंदर से 190 किलोमीटर दूर समुद्र से 1800 करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामदगी को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बड़ी उपलब्धि बताया। इस सफलता के लिए उन्होंने गुजरात पुलिस एटीएस और भारतीय तटरक्षक बल की सराहना की और इस अभियान को मोदी सरकार के समग्र दृष्टिकोण की सफलता का एक शानदार उदाहरण बताया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को एक्स पर लिखा, 'मोदी सरकार नशीली दवाओं के नेटवर्क को पूरी तरह से खत्म कर रही है। नशा मुक्त भारत बनाने के निरंतर प्रयास में अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा के पास 1800 करोड़ रुपये मूल्य के 300 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की गई। यह ऑपरेशन मादक पदार्थों की बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए मोदी सरकार के समग्र दृष्टिकोण की सफलता का एक शानदार उदाहरण है। इस शानदार सफलता के लिए गुजरात पुलिस एटीएस और भारतीय तटरक्षक बल की सराहना करें।' दरअसल, आईसीजी से मिली जानकारी के अनुसार गुजरात एटीएस की सूचना पर 12-13 अप्रैल को रातभर चले अभियान में तटरक्षक क्षेत्र (पश्चिम) से एक आईसीजी जहाज ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) के निकट एक संदिग्ध नौका को रोकने का प्रयास किया। आईसीजी जहाज को देखकर नाव ने आईएमबीएल की ओर भागने से पहले नौका में रखी मादक पदार्थों की खेप को समुद्र में फेंक दिया। सतर्क आईसीजी जहाज पर तैनात कर्मियों ने फेंकी गई खेप को बरामद कर लिया। बरामद 300 किलोग्राम ड्रग्स प्रतिबंधित सामग्री मेथमफेटामाइन हो सकती है और इसकी कीमत 1800 करोड़ रुपये आंकी गई है। बरामद ड्रग को आगे की जांच के लिए आईसीजी जहाज से पोरबंदर लाया गया। इसे आगे की जांच के लिए एटीएस को भेज दिया गया है।

## डॉ.आंबेडकर का सपना पूरा करने को सरकारें छोड़ें जातिवाद व स्वार्थ की राजनीति : मायावती

**मायावती ने सत्ता की मास्टर चाबी हासिल करने के लिए बहुजनों से की एकजुट होने की अपील**

एजेंसी



**लखनऊ।** संविधान निमार्ता भारतरत्न डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती आज (सोमवार) को पूरे भारत में मनायी जा रही है। इस दौरान बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने कहा उन्होंने देश के 125 करोड़ दलित, आदिवासियों, पिछड़े और अन्य उपेक्षित वर्गों को बसपा से सीधे तौर पर जुड़कर उन्हें अंबेडकरवादी बनने का आह्वान किया है।

बसपा प्रमुख ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अगर बहुजनों को उत्पीड़न व अन्याय से मुक्ति चाहिए तो उन्हें सत्ता की मास्टर चाबी हासिल करनी होगी। इसके लिए एकजुट होना जरूरी है, तभी विरोधियों की चालों को नाकाम किया जा सकता है। मायावती ने सरकरों से जातिवादी और संकीर्ण स्वार्थ की राजनीति आदि को त्यागकर उन्हें भी संविधानवादी भारतीय बनने का आह्वान भी किया है। तभी डा. भीमराव के जीवन संघर्ष के अनुरूप उनका जातिवाद से मुक्त समतामूलक भारत बनाने का सपना वास्तव में यहां जमीन पर पूरा हो सकेगा। उन्होंने कहा कि देश को महान या विकसित भारत बनाने आदि के लुभावने नारे वास्तव में राजनीतिक व चुनावी उद्देश्यों की पूर्ति के साथ ही अमीरों को और अमीर बनाने वाला साबित हो रहा है। वहीं देश के करोड़ों गरीब, बेरोजगार, महंगाई अशिक्षा, पलायन, पिछड़ेपन आदि का त्रस्त जीवन दूर होने जैसे जीवन सुधार का सही लाभ मिलता हुआ नजर नहीं आ रहा है। ऐसी स्थिति में संविधान के सर्वजन हितैषी कल्याणकारी राज की स्थापना कैसे संभव है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस पार्टी की तरह ही भाजपा राज में भी दलितों व अन्य उपेक्षित लोगों की सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक स्थिति लगातार खराब व बदतर होती जा रही है। अब इन वर्गों के आरक्षण के संवै?धानिक अधिकार पर भी हर प्रकार सुनयोजित कुठाराघात होने से रोजगार के अभाव में इनके हालात बेहतर होने के बजाए बिगड़ते चले जा रहे हैं, जो बेहद चिंता का विषय है। इन वर्गों के प्रति हर स्तर पर दमन चक्र जारी है तथा जातिवादी पार्टियों के सरंक्षण में स्वार्थी तत्वों का ही बोलबाला है। मुस्लिम, अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के हित व कल्याण तो दूर उनके जान, माल, मजहब की सुरक्षा की संवैधानिक गारंटियों का खतरा बढ़ा है। इससे देश में राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक तनाव पैदा हो गया है, जो बहुप्रतीक्षित और जरूरी विकास के माहौल को बिगाड़ रहा है। इससे कुछ लोगों को छोड़कर बाकी सभी लोग पीड़ित व त्रस्त है। मायावती ने कहा कि डा. आंबेडकर की जयंती यूपी व पूरे देश में जिला स्तर पर विचार संगोष्ठी के रूप में मनायी गई है, जिसका हृदय से आभार प्रकट करती हूं।

## प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री शाह भाजपा ने बाबा साहेब को किया नमन

एजेंसी




**नई दिल्ली।** कृतज्ञ राष्ट्र आज बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को उनकी 135वीं जयंती पर पुण्य नमन कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बाबा साहेब को याद करते हुए अपने-अपने एक्स अकाउंट पर उन्हें कोटिशः नमन किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिखा, "सभी देशवासियों की ओर से भारत रत्न पूज्य बाबासाहेब को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन। यह उन्हीं की प्रेरणा है कि देश आज सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने में समर्पित भाव से जुटा हुआ है। उनके सिद्धांत एवं आदर्श आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण को मजबूती और गति देने वाले हैं।"

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लिखा, "शिक्षा, समानता और न्याय के बल पर सामाजिक क्रांति की नींव रखने वाले बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर जी आजीवन वंचितों के अधिकारों के लिए कटिबद्ध रहे। समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित संविधान की रचना कर उन्होंने भारत की महान लोकतांत्रिक विरासत को सुदृढ़ आधार प्रदान किया। न्यायपूर्ण और समतामूलक समाज निर्माण की दिशा में बाबा साहेब के विचार आज भी हम सभी को प्रेरणा प्रदान करते हैं। महान संविधान शिल्पी और करोड़ों देशवासियों के आत्मगौरव के प्रतीक बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर जी को उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन करता हूं।"

भाजपा ने एक पोस्ट में लिखा, "सामाजिक समरसता के शिल्पकार, संविधान निमार्ता, 'भारत रत्न' बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर कोटिशः नमन।" दूसरी पोस्ट में लिखा, " मोदी सरकार ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की विरासत को संजो कर दिया उचित सम्मान, कांग्रेस ने बाबा साहेब के योगदान का किया अपमान।"

## केंद्र ने बिहार के लिए 5 लाख 20 हजार 742 अतिरिक्त आवास स्वीकृत किए

**बिहार में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रतीक्षा सूची समाप्त**

एजेंसी

**पटना।** प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत बिहार की प्रतीक्षा सूची समाप्त हो गई। केंद्रीय ग्रामीण मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 5 लाख 20 हजार 742 अतिरिक्त आवासों का आवंटन कर दिया है। इन अतिरिक्त आवासों के आवंटन से राज्य में पीएम आवास योजना की 2018 से चली आ रही प्रतीक्षा सूची तकरीबन समाप्त हो गई है। सूची में मौजूद लगभग सभी लाभार्थियों को आवास मिलने का रास्त साफ हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार के समक्ष यह मुद्दा उठाया था। केंद्रीय कृषि एवं किसान और ग्रामीण विकासमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री कुमार को पत्र लिखकर पूरी स्थिति से अवगत करा दिया है।पत्र में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की 9 अगस्त 2024 को हुई बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती आवास की जरूरतों को पूरा करने के लिए 2 करोड़ अतिरिक्त घरों के निर्माण से संबंधित योजना को मंजूरी प्रदान करते हुए इस योजना का विस्तार आगामी 5 वर्षों 2029 तक करने की सहमति दी गई। इस योजना के शुरू होने से 2024-25 तक बिहार को 44 लाख 92 हजार 10 घर आवंटित किए गए हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी के लिए आवास मुहैया कराने के उद्देश्य से 1 अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत की थी, जिसका क्रियान्वयन राज्यों के सहयोग से किया जा रहा है।इस पत्र में इस बात का खासतौर से उल्लेख किया गया है कि अतिरिक्त आवासों का आवंटन करने से प्रतीक्षा सूची को संतृप्त यानी पूरी कर दी गई है। अब राज्य में नए स्तर से सर्वे करके कच्चे मकान में रहने वाले गरीबों की सूची तैयार की जाएगी।

**बंगाल स्कूल भर्ती घोटाला**

## ओएमआर शीट की स्कैन कॉपी क्यों नहीं बचाई गई, सीबीआई जांच में जुटी

**कोलकाता।** स्कूलों में नौकरी के बदले रिश्वत के बड़े घोटाले की जांच कर रही सीबीआई अब यह पता लगाने में जुटी है कि आखिर 2016 की लिखित परीक्षा में इस्तेमाल हुई ओएमआर शीट की स्कैन या ह्यमिरर इमेजह्ल क्यों नहीं बचाई गई। जबकि पश्चिम बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (डब्ल्यूबीएसएससी) के पास यह सुविधा मौजूद थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में 2016 की नियुक्ति प्रक्रिया को पूरी तरह रद्द कर दिया है। कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस आदेश को भी सही ठहराया, जिसमें कहा गया था कि यह तय कर पाना असंभव है कि किस उम्मीदवार ने घूस देकर नौकरी पाई और कौन ईमानदारी से पास हुआ, इसलिए पूरी पैनल को ही खारिज करना पड़ेगा। जांच में सामने आया है कि उस वक्त की परीक्षा में इस्तेमाल हुई ओएमआर शीट को बिना स्कैन कॉपी संभाले ही नष्ट कर दिया गया। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब डब्ल्यूबीएसएससी के पास खुद की तकनीकी क्षमता मौजूद थी–जिससे बड़ी संख्या में ओएमआर शीट को स्कैन कर रखा जा सकता था–तो फिर इस काम को गाजियाबाद की एक निजी एजेंसी को क्यों सौंपा गया? सूत्रों का कहना है कि सीबीआई अब उस शख्स की पहचान में लगी है, जिसके निर्देश पर डब्ल्यूबीएसएससी ने यह पूरा काम बाहर की एजेंसी को दिया और आयोग की अपनी व्यवस्था का उपयोग नहीं किया। यह मामला दो स्तर की गंभीर लापरवाही दिखाता है। पहली गड़बड़ी ये थी कि आयोग ने 2016 की ओएमआर शीट की सॉफ्ट कॉपी एक साल बाद ही नष्ट कर दी, जबकि उससे पहले आयोग की नीति थी कि तीन साल तक डेटा को सुरक्षित रखा जाए।

# श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के मुख्य शिखर पर कलश हुआ स्थापित

एजेंसी

**अयोध्या ।** श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के गर्भगृह के मुख्य शिखर पर सोमवार को कलश स्थापित किया गया। शिखर का निर्माण आखिरी चरण पर है । कलश स्थापना से पूर्व विधिविधान से पूजन किया गया।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चम्पत राय ने बताया कि आज सोमवार को श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के गर्भगृह के मुख्य शिखर पर सुबह 9.15 बजे कलश पूजन विधि शुरू करके 10.15 बजे कलश स्थापित कर दिया गया। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि तीस अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन श्रीराम दरबार की स्थापना हो जाएगी। जून में कोई





पावन तिथि तय करके सभी विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा होगी।यह कार्यक्रम तीन दिवसीय होगा। मुख्य दिवस से दो दिन पहले कार्यक्रम प्रारम्भ होगा, जिसमें जलवास,अन्नवास, औषधिवास, शैय्यावास जैसी अनिवार्य अनुष्ठानिक प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी। महासचिव ने बताया कि सभी मूर्तियां लगभग तैयार हैं। वस्त्र और आभूषण तैयार कराए जा रहे हैं। पंद्रह अप्रैल के बाद मूर्तियों को लाने का क्रम प्रारम्भ हो जाएगा। सफेद मकराना पत्थर की मूर्तियां भारी हैं, इसलिए उन्हें लाकर निर्धारित स्थान पर स्थापित कर दिया जाएगा। इसमें संत तुलसीदास की मूर्ति स्थापित हो चुकी है।

कुल अठारह मूर्तियां जयपुर से आनी हैं। सप्तमंडप की महर्षि बाल्मीकि, गुरु वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य, निषादराज, शबरी, अहिल्या आदि की मूर्तियां तैयार होने को हैं। वस्त्र-आभूषण बन रहे हैं। परकोटे के अन्नपूर्णा , हनुमान जी शिव समेत सभी छह मन्दिरों के विग्रह भी आने हैं। शेषावतार मन्दिर में अभी समय है। उन्होंने यह भी बताया कि अप्रैल तक टावर क्रेन हट जाएगी, तब उत्तर, दक्षिण में अधूरे छोड़े गए परकोटे का निर्माण होगा।

**न्यूज IN ब्रीफ**

## भारत से भागा हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ऋण धोखाधड़ी केस में वांछित भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है। 65 वर्षीय चोकसी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। खबरों में कहा गया कि पिछले महीने खुलासा हुआ था कि चोकसी बेल्जियम में रह रहा है। बेल्जियम सरकार ने यह स्वीकार भी किया था। बेल्जियम सरकार के प्रवक्ता डेविड जॉर्डन्स ने बयान में कहा था कि बेल्जियम सरकार भारतीय कारोबारी मेहुल चोकसी की गतिविधियों पर पैनी नजर रख रही है। वह अभी जेल में है। भारत की प्रत्यर्पण की अपील के बाद बेल्जियम में यह कार्रवाई की गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बेल्जियम में संबंधित विभाग और अधिकारियों से मेहुल पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। चोकसी पंजाब नेशनल बैंक में 13,500 करोड़ रुपये के ऋण धोखाधड़ी में कथित संलिप्तता के लिए वांछित है। वह अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ एंटवर्प (बेल्जियम) में रह रहा है। उसके पास एंटीगुआ और बारबुडा की नागरिकता है। वह इलाज के लिए द्वीप राष्ट्र से बाहर गया था। उनके भतीजे नीरव मोदी भी इसी मामले में सह-आरोपी है। उसे भी लंदन से प्रत्यर्पित किए जाने की प्रक्रिया चल रही है।

## कुल्लू में चरस तस्करी का भंडाफोड़, 974 ग्राम चरस सहित एक महिला गिरफ्तार

**कुल्लू।** जिला कुल्लू के पतलीकूहल थाना क्षेत्र में पुलिस ने बीती रात चरस तस्करी के एक मामले का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान एक व्यक्ति को चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया पुलिस द्वारा पूर्ण की जा रही है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सलिंगचा गांव में एक घर के स्टोर में मादक पदार्थ छिपाए गए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी और स्टोर के सामने लोहे की चादर से ढंके सामान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस को 974 ग्राम चरस बरामद हुई, जिसे तत्काल अपने कब्जे में ले लिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएसपी मनाली क्षमादत्त शर्मा ने बताया कि पुलिस ने मोक्षा जेतली (62) पुत्री कृष्ण लाल जेतली, निवासी गांव सलिंगचा, डाकघर डोभी, तहसील व जिला कुल्लू के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी किसी बड़े तस्करी नेटवर्क से जुड़ी है या नहीं।

## बदलते यूपी को देख रही पूरी दुनिया : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को होटल ताज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश देश में आबादी के हिसाब से सबसे बड़ा राज्य है। आज यूपी में बड़े स्तर पर निवेश आ रहा है। पिछले आठ साल यूपी बदल गया है। बदलते यूपी को पूरी दुनिया देख रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फेडरेशन आफ इंडियन चैंबर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि यूपी आज देश में नंबर दो की अर्थव्यवस्था बन गया है। हमारा बजट का आकार बढ़ा है। यूपी में प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हुई है। रिफार्म के लिए हम तैयार हैं। निवेश फ्रेंडली माहौल बनाया गया है। सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया है। परिणाम स्वरूप रोजगार और नौकरियां बढ़ी हैं। हमने साठ हजार से अधिक एक साथ पुलिस भर्ती की हैं। पारदर्शी पुलिस भर्ती सम्पन्न हुई है। आज यूपी में पुलिस प्रशिक्षण के लिए बड़ी व्यवस्था है। एक साथ 60 हजार पुलिस कर्मियों की ट्रेनिंग की जा सकती है। फ्रेंडली पुलिस बनाई गयी है। प्रदेश में आज व्यापारी और बेटी सुरक्षित हैं। पहले की सरकारों में कानून व्यवस्था ध्वस्त थी। इसीलिए निवेश के लिए देश में सबसे सुरक्षित गंतव्य यूपी बन कर उभरा है। हमारी सरकार ने निवेश करने वाले उद्यमियों को चार हजार करोड़ इंसेंटिव दिए हैं। निवेश करने वाले उद्यमियों को कोई दिक्कत न हो, इसकी भी चिंता की गयी है। उन्होंने कहा कि 122 में से 105 चीनी मिलें आज 30 दिन से 60 दिन के भीतर गन्ना मूल्य का भुगतान कर दे रही हैं। पहले 10 साल तक किसानों को गन्ना मूल्य भुगतान के लिए इंतजार करना पड़ता था। एक्सप्रेस-वे का प्रदेश उत्तर प्रदेश बन गया है। सबसे बड़ा बदलाव तो यह हुआ कि पहले जिस उप्र के लोगों की पहचान का संकट था। हमारा युवा कहीं बाहर जाने पर अपनी पहचान छिपाता था। आज पूरी दुनिया की निगाहें हमारी ओर हैं। सबसे तेज ग्रोथ रेट से आगे बढ़ने वाला राज्य उत्तर प्रदेश बन गया हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर प्रयागराज कुंभ, वाराणसी, मथुरा, विंध्यधाम, चित्रकूट और अयोध्या का भी जिक्र किया। उल्लेखनीय है कि इस सम्मेलन में देश भर से उद्यमी शामिल हुए हैं। इन उद्यमियों से यूपी में निवेश की अपील भी की।

## हरिद्वार में पथरी क्षेत्र में दो धमाके, दो घायल

**हरिद्वार।** पथरी थाना क्षेत्र के ग्राम धनपुरा में सोमवार की सुबह अचानक जोरदार धमाकों में दो लोग घायल हुए हैं। इन धमाकों के बाद के क्षेत्र में अपरा-तफरी मच गई। घायलों को तत्काल नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धमाकों की आवाज सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। सूचना पर पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। धमाकों के करणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। उल्लेखनीय है कि तीन दिन पहले भी थाना श्यामपुर के गाजीवाली में भी एक मकान में जोरदार विस्फोट हुआ था। उसमें भी कई लोग घायल हो गए थे।

## सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए हम लोग काम करेगें : अखिलेश यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद अखिलेश यादव ने लखनऊ के अटल चौक स्थित डॉ.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा कि आज के दिन जब बाबा साहेब को हम लोग याद कर रहे हैं तो यह संकल्प लें कि सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए हम लोग काम करेंगे। सपा अध्यक्ष ने एक सवाल के जवाब में कहा कि गोली मारने का भारतीय जनता पार्टी का पुराना षड्यंत्र रहा है। यह वो लोग हैं, जो हिंसा पसंद करते हैं। यह वही लोग हैं जो बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को नहीं मानते हैं। जो संविधान, लोकतंत्र को नहीं मानते। यह तमाम प्रबुद्धवादी वह लोग हैं, जिन्होंने सदियों से शोषण किया है। उन्होंने कहा कि करणी सेना को भारतीय जनता पार्टी का बताया। उन्होंने कहा कि प्रशासन के इशारे पर जिस तरह का आगरा में हुआ है, क्या आप कल्पना कर सकते हैं। जान लेने की धमकी दी जा रही है, ये जिम्मेदारी किसकी है। अखिलेश ने वहां उपस्थित अपने कार्यकर्ताओं को डॉ.भीमराव आंबेडकर जयंती की बधाई दी।

# कृषि में क्रांतिः परंपरागत खेती छोड़ हाईटेक कृषि अपनाकर बदली जिंदगी

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोलेबिरा :** प्रखंड अंतर्गत शाहपुर के महिला युवती किसान सनिशा कुल्लू ने सिर्फ तीन एकड़ जमीन पर वो कर दिखाई है ,जो बड़े-बड़े किसान सिर्फ सोचते रह जाते हैं वो जमीन के छोटे से टुकड़े में कई तरह के फसल उगाती है ,उसके खेत में साल के 12 महीना फसल लहलहाती रहती है ` कृषि का यह जुनून उनका आय का स्रोत बन चुका है ,अपनी जमीन में वह साल भर सब्जी उगाती है कोई भी मौसम में खेत खाली नहीं होता है खाली होते ही तैयारी में जुट जाती है सनिशा इंटीग्रेटेड मॉडल पर खेती करती है उन्होंने खेत को कई हिस्सों में बांट रखी है` जिसमें तरबूज ,टमाटर, फूलगोभी शकरकंद ,लौकी और खीरा खेती के साथ मुर्गी पालन, सुकर पालन भी करती है `फल



बागवानी के रूप में लीची और आम लगायी है , वर्तमान में मछली पालन हेतु तालाब की खुदाई की है । मानसून पर आधारित खेती वाला राज्य झारखंड में सफलता पूर्ण खेती में सबसे अहम योगदान टपक सिंचाई और प्लास्टिक मल्चिंग का है वो खुद मानती है कि आज वह अगर पहले के मुकाबला खेत से अच्छा पैदावार ले पा रही है तो उसके पीछे ड्रिप एंव प्लास्टिक मल्चिंग का अहम रोल है लागत कम हुआ है और मुनाफा बड़ा है कम पानी में बेहतर फसल का सपना हकीकत बन गया है । सनिशा का परिवार पहले परंपरागत तरीके से अपने खेत में धान, मडुवा ,सरगुजा ,उड़द और कुलथी का खेती करते थे उन्हें तो यह भी मालूम नहीं था ड्रिप इरीगेशन क्या होता है?

मोबाइल में उन्होंने पहली बार ड्रिप के बारे में जानकारी प्राप्त की फिर छानबीन की तो पता चला कृषि विभाग सिमडेगा नब्बे फीसदी अनुदान पर ड्रिप इरिगेशन सिस्टम दे रही है, इन्हीं से उनका नई सफर का शुरूआत हो गई झारखंड की यह महिला युवती किसान तीन एकड़ जमीन में खेती कर लोगों के लिए छोटी जमीन बड़ी सोच और स्मार्ट खेती का प्रेरणा बन रही है` अब तक वो इस मौसम में तरबूज से 1.5 लाख मुनाफा कर ली , उसका मानना है कि खेती से पैसा कमाना है तो एडवांस खेती करनी होगी जो सब करते हैं उसे अलग करना होगा सनिशा का यह कदम बता दिया खेती में सिर्फ जमीन ही नहीं सोच भी मायने रखती है तकनीकी के संग कदम मिलाकर आप भी खेती को नया आयाम दे सकते हैं।

# हमें आप पर गर्व है मुख्यमंत्री जी



बिनय मिश्रा

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के विकास के लिए निरंतर जुड़े रहने के साथ साथ राज्य को बेहतर बनाने की दिशा में जो सफलता पाई है वो अपने आप में एक उपलब्धि है राज्य के विकास के लिए कटिबद्धता, प्रदेशवासियों की सुधि लेने के साथ साथ जनसुविधा उपलब्ध कराना इनकी उपलब्धि में शामिल है।सौ लोगों की सूची में इनका नाम चालीसवें नंबर पर अंकित है। मानवता ,संवेदना का भी मुख्यमंत्री पक्षधर रहे हैं और इसी का यह परिणाम है कि वे रक्तदान जैसे जीवनरक्षा मुहिम को प्रोत्साहित करते रहे और रक्तदान कर लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री का मानना है कि रक्तदान जीवनदान है।

₹रक्तदान का नहीं है कोई विकल्प

इसलिए रक्तदान का लें हम सब संकल्प ₹

मुख्यमंत्री ने रिम्स जाकर रक्तदान को प्रोत्साहित किया।

# सिदो कान्हू मुर्मू विवि ने शिक्षक नियुक्ति के लिए जारी की अभ्यर्थियों की सूची

मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका ने रविवार को बीएड कॉलेजों में शिक्षक नियुक्ति हेतु विषयवार पात्र और अपात्र अभ्यर्थियों की सूची विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दी है। ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय ने 5 अप्रैल को कुल 40 शिक्षकों के पदों के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया था। इन पदों को वॉक-इन इंटरव्यू के माध्यम से भरा जाना है। इन साक्षात्कारों में भाग लेने के लिए लगभग 310 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 141 को विभिन्न विषयों में पात्र पाया गया है। सबसे अधिक पात्र अभ्यर्थी ह्यपर्सपेक्टिव इन एजुकेशनह्ल विषय में पाए गए हैं, जिनकी संख्या 53 है, जबकि सबसे कम संख्या ह्यपर्फॉर्मिंग आर्टह्ल विषय में रही, जिसमें केवल 2 अभ्यर्थी योग्य पाए गए। विश्वविद्यालय ने रविवार को एक महत्वपूर्ण नोटिस जारी करते हुए पात्र अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के दिन सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में सुबह 9:30 बजे तक रिपोर्ट करने को कहा है। वहीं, अपात्र घोषित किए गए अभ्यर्थियों के लिए विश्वविद्यालय ने 15 और 16 अप्रैल को कैंपस आकर अपनी आपत्तियों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया है। विश्वविद्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि 15 अप्रैल के बाद अपात्र सूची को लेकर किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

विश्वविद्यालय ने एनसीटीई के दिशा-निदेर्शों के अनुसार विषयवार पात्रता मानदंड भी रविवार को प्रकाशित कर दिए हैं। अधिकतर अपात्र अभ्यर्थियों के पास शिक्षा शास्त्र में न तो नेट और न ही पीएचडी की उपाधि थी, जो बीएड विभाग में शिक्षक नियुक्ति के लिए अनिवार्य है। इसके अलावा कुछ अभ्यर्थी उम्रसीमा पार कर जाने के कारण अपात्र घोषित किए गए हैं।

*रविवार को खुला रहा विवि कार्यालय, आज भी रहेगा खुला

बीएड कॉलेजों में शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया को लेकर रविवार को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का कार्यालय कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर खुला रहा। यह कार्यालय आज, सोमवार को भी इसी कार्य के लिए खुला रहेगा।

नॉट एलिजिबल घोषित किए गए अभ्यर्थी आज सोमवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में उपस्थित होकर अपनी आपत्तियों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# घोड़ाबांधा पंचायत भवन में अंबेडकर जयंती आयोजित

जमशेदपुर : उतरी घोड़ाबांधा ग्राम पंचायत भवन में सोमवार को अधिवक्ता सह बाल कल्याण समिति के सदस्य गुड्डू हैदर के नेतृत्व में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती का आयोजन किया गया इस दौरान लोगों ने संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा अंजलि अर्पित की। अधिवक्ता ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर भारतीय समाज के एक महान चिंतक, संविधान निमार्ता और जन जन के लोकप्रिय नेता थे, जिन्होंने जीवनभर समाज से छुआछूत और जातिवादी मतभेदों को मिटाते हुए सभी के लिए समान अधिकारों की पैरवी की। उन्होंने न केवल भारतीय संविधान को आकार दिया, बल्कि समाज में व्याप्त असमानता और अन्याय के खिलाफ भी सदैव प्रखरता से आवाज उठाई। उनके संघर्षसील जीवन और विचार सभी को प्रेरित करते हैं।

## टाटानगर रेलवे यार्ड व आदित्यपुर स्टेशन पर डीआरएम का निरीक्षण

**जमशेदपुर :** चक्रधरपुर मंडल रेल प्रबंधक तरुण गुड़िया ने सोमवार को टाटानगर रेलवे यार्ड और आदित्यपुर स्टेशन का निरीक्षण किया उन्होंने आदित्यपुर स्टेशन पर यात्री सुविधा जल्द बढ़ाने पर जोर दिया है ताकि ट्रेनों को आदित्यपुर से चलने में सहूलियत हो। इधर डीआरएम ने टाटानगर एवं चक्रधरपुर मंडल के अधिकारियों के साथ कंस्ट्रक्शन गेस्ट हाउस में विकास कार्यों को लेकर बैठक की। इससे स्टेशन लोको क्रॉसिंग पर अंडरब्रिज, आदित्यपुर में प्लेटफॉर्म शेड का विस्तार फुटओवर ब्रिज को जल्द शुरू करने समेत अन्य कई कार्यो पर विचार विमर्श हुआ है।

# लचरागढ़, बानो में खिजुर पर्व मनाया गया

मेट्रो रेज संवाददाता

**सिमडेगा :** बानो और लचरागढ़ क्षेत्र में खजूर पर्व बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न गिरजाघरों में विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। पुरोहितों द्वारा खजूर की डालियों को आशीर्वाद प्रदान किया गया।बानो कैथलिक चर्च, जितूटोली में खजूर पर्व अत्यंत भक्ति भाव के साथ मनाया गया। यहाँ फादर अजीत पौल केरकेट्टा द्वारा मिस्सा बलिदान का अनुष्ठान सम्पन्न किया गया। इस अनुष्ठान में फादर अरविन्द खाखा और फादर जोसेफ टेटे ने सहायक की भूमिका निभाई। सिस्टर पुष्पा, सिस्टर इलिजबेथ, अन्य सिस्टर्स, सर प्रदीप और तीनों विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे और उन्होंने सक्रिय रूप से सहयोग किया।बांकी में फादर अलक्जेंडर कुल्लु ने श्रद्धापूर्वक मिस्सा बलिदान चढ़ाया।बोकामार में विमल जोजो ने तथा गिरदा चर्च में फादर भितुस ने मिस्सा बलिदान सम्पन्न किया। उन्होंने



श्रद्धालुओं को प्रभु यीशु के पुनर्जीवन के बारे में बताया और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

लचरागढ़ में भी खजूर पर्व की भव्यता देखने को मिली। वहाँ फादर राजेश, फादर अलबिनुस और फादर क्लेमेंट की उपस्थिति में मिस्सा बलिदान सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर ब्रदर विनोद, ब्रदर बेंजामीन, ब्रदर आरोग्यम, सिस्टर सुषमा, सिस्टर रेश्मा सहित अन्य श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद रहे।यह पर्व प्रभु यीशु के यरूशलेम में विजयी प्रवेश की स्मृति में मनाया जाता है और यह पवित्र सप्ताह की शुरूआत का प्रतीक है।

# भाजपा ने आयोजित किया सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन




मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** भारतीय जनता पार्टी, जरमुंडी विधानसभा की ओर से रविवार को सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन तालझारी विवाह भवन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनूप कुमार ने की।

सम्मेलन की शुरूआत दिवंगत मंडल महामंत्री भाजपा नेता दिवाकर यादव एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मणिकांत झा उर्फ मन्नो बाबा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट के मौन से की गई।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में देवघर विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक नारायण दास उपस्थित हुए,साथ जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर, भाजपा प्रदेश मंत्री रविकांत मिश्रा तथा भाजपा दुमका जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद विशेष रूप से शामिल हुए।

जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद ने विषय प्रवेश करते हुए सम्मेलन में उपस्थित कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा–

आज जरमुंडी विधानसभा में जो ऊर्जा और प्रतिबद्धता देखने को मिली है, वह इस बात का संकेत है कि भाजपा यहां नई ऊंचाइयों को छूने जा रही है। हमें केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर जनता के बीच जाकर काम करना है और यह सुनिश्चित करना है कि कोई मतदाता पार्टी की विचारधारा और उपलब्धियों से अनभिज्ञ न रहे।ह्व

मुख्य वक्ता नारायण दास ने अपने वक्तव्य में कहा -

ह्लभारतीय जनता पार्टी ने राजनीति को वंशवाद और तुष्टिकरण की दलदल से निकालकर राष्ट्रहित, सुशासन और विकास के सिद्धांत पर खड़ा किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने बीते 11 वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है। 'विकसित भारत' की यात्रा केवल एक संकल्प नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आकांक्षा और विश्वास का प्रतीक बन चुकी है। भाजपा ने गरीब, किसान, युवा, महिला और हर वर्ग के जीवन को बेहतर बनाने का काम किया है।

जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक देवेंद्र कुंवर ने संगठन की मजबूती और भाजपा की चुनावी सफलता को लेकर कहा-

ह्लभाजपा का विस्तार विचारधारा के आधार पर होता है, न कि अवसरवाद के सहारे। संगठन के कार्यकर्ता ही हमारी असली ताकत हैं, जो हर परिस्थिति में पार्टी के लिए समर्पित रहते हैं। पंचायत से लेकर संसद तक भाजपा की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि जनता अब राष्ट्रवाद और विकास के साथ खड़ी है। हमें मिलकर अपने बूथ को मजबूत करना है, तभी लक्ष्य की प्राप्ति संभव है।ह्व

प्रदेश मंत्री रविकांत मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा-

आज भारतीय जनता पार्टी सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन है। संगठन की शक्ति, नीति की स्पष्टता और नेतृत्व की निष्ठा ही भाजपा को सबसे अलग बनाती है। हमें बूथ स्तर पर संवाद, संपर्क और संगठन को और अधिक सक्रिय बनाना होगा ताकि प्रत्येक मतदाता तक हमारी बात पहुंचे।

सम्मेलन में लखी नारायण दत्त ,सुबोध दत्त, बालकृष्ण पांडेय ,रतन बिहारी प्रसाद ,सचिन राव ,नवीन राव, मुरली मंडल ,शैलेश कुमार राव, प्रवीण सिंह ,पप्पू सिंह, बलराम पोद्दार ,गौतम राय, मनोज मंडल ,तुषार क्रांति भूई, जनार्दन महतो, राम नारायण राय ,कामेश्वर साह,बलराम यादव ,गिरधारी रवानी, रामकिशन साह,अलख निरंजन प्रसाद ,अशोक मोदी, यदुनाथ महतो, मुकेश पांडेय, अशोक झा सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।




संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

यह अपार प्रसन्नता का विषय है कि झारखण्ड अग्निशमन सेवा द्वारा राज्य की जनता को आग की विभीषिका के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 14 से 20 अप्रैल 2025 तक "अग्निशमन सेवा सप्ताह" का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष की विषय-वस्तु (Theme) "Unite to Ignite, a Fire Safe India" ("एकजुट हों, अग्नि-सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें") निर्धारित की गई है।

अग्निकांड एक भयावह आपदा है, जिससे जान-माल की अपूरणीय क्षति होती है और इसका प्रतिकूल प्रभाव देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है। आशा है कि अग्निशमन विभाग के इस कार्यक्रम के तहत अग्निकांड के निरोधात्मक उपायों के प्रचार-प्रसार से आम जनता लाभान्वित होगी।

मैं जनसेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अग्निशमन सेवा के वीर पदाधिकारियों एवं कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। साथ ही, सेवारत पदाधिकारियों एवं कर्मियों के मंगलमय जीवन की कामना करता हूँ।

जोहार !

मुझे हार्दिक प्रसन्नता है कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल, 2025 तक पूरे राज्य में 'अग्निशमन सेवा सप्ताह' का आयोजन किया जा रहा है। वास्तव में यह सप्ताह अग्निशमन के दौरान शहीद होने वाले वीर अग्निशमन कर्मियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा आम जनता को आग के खतरों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।

मेरी आम जनता से अपील है कि वे आग की विभीषिका के प्रति सजग और सतर्क रहें। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अग्निशमन सेवा सप्ताह का विषय-वस्तु (Theme) "Unite to Ignite, a fire safe India" "एकजुट हों, अग्नि सुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें", रखा गया है।

मैं अग्निशमन की महती सेवा में शहीद हुए, सभी कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ तथा अग्निशमन सेवा के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को अग्निकाण्डों की चुनौतियों से तत्परता पूर्वक निपटने के लिए आह्वान करता हूँ।

जोहार !

झारखण्ड अग्निशमन सेवा, झारखण्ड सरकार

PR-350297 (Jharkhand Fire Service) 25-26